

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 7 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-039 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 8 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## रायपुर में मिला बम बनाने का सामान,हड़कंप

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर,7 मई।** राजधानी के रावाभाठा इलाके के वार्ड नंबर 13 स्थित एक घर में देसी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाला संदिग्ध सामान, तार और अन्य सामग्री मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही रायपुर नार्थ थाना पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मकान समेत आसपास के पूरे इलाके को घेर लिया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संदिग्ध सामग्री मिलने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में देसी बम बनाने से जुड़ी सामग्री मिलने की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं राजधानी में किसी बड़ी साजिश की तैयारी तो नहीं की जा रही थी।

### इलाके को पुलिस ने किया सील

पुलिस के अनुसार इलाके में एक मितानिन रहती है। मितानिन के परिचित का जमीन दलाल है जो कल उससे मिलने आया। जमीन दलाल ने मितानीन को एक बैग दिया और रखने कहा। सुबह महिला ने बैग उठाकर देखा तो काफ़ी वजनी था। शक होने पर महिला ने स्थानीय पार्षद को जानकारी दी, दो तीन पार्षद मिलकर महिला के घर पहुंचे और बैग खोल कर देखा। बैग में कुछ बोतलें, तार, पाउडरनुमा सामान और पिस्टल थी जो देखने में एयरपिस्टल जैसी दिख रही थी । सामान देखकर सभी घबरा गए और पुलिस को सूचना दी घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं — क्या रायपुर में बड़ा धमाका करने की तैयारी थी? क्या राजधानी में आतंक फैलाने की साजिश रची जा रही थी? फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कराई सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या: बीजेपी

**कोलकाता,7 मई।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम (बरासत क्षेत्र) में बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बुधवार देर रात हुई इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे बंगाल में बवाल मच गया है। बीजेपी ने इस हत्या के पीछे टीएमसी को जिम्मेदार बताया है। बीजेपी ने कहा कि बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के PA चंद्रनाथ रथ की हत्या ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कराई है। वहीं मामले की जांच बीजेपी और टीएमसी ने सीबीआई से कराने की मांग की है। वारदात पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने इस हत्या की साजिश रची है। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि भले ही हम सत्ता में न हों, फिर भी हम आपके लिए एक ताकत हैं। उन्हें इसका जवाब जरूर मिलेगा। बीजेपी नेता कीया घोष ने कहा कि चंद्रनाथ रथ ने भवानीपुर चुनाव में कड़ी मेहनत की, जहां शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल की। अब इन बातों को जोड़कर देखिए। इसीलिए मैं हमेशा कहती हूं कि टीएमसी लुटेरों और हत्यारों की पार्टी है। शुभेंदु



के पीए ने इतना अथक परिश्रम किया इसलिए टीएमसी ने गुस्से, हताशा और आक्रोश में आकर उन्हें निशाना बनाया है। वहीं बीजेपी विधायक दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी गुटों के बीच लड़ाई चल रही है और भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार हो रहा है। इस तरह घटनाएं बंद होनी चाहिए। भाजपा सत्ता में आ गई है, लेकिन सत्ता अभी हमारे हाथ में नहीं आई है। पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। असामाजिक तत्वों को रोकना होगा।

### अपेक्स बैंक एमडी की प्रतिनियुक्ति समाप्त

**रायपुर,7 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग ने आज एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किया है। आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रबंध संचालक केएन काण्डे की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल विभाग में वापस बुला लिया गया है। काण्डे को प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए आगामी आदेश तक कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है।उल्लेखनीय है कि मंत्रालय, महानदी भवन से जारी पिछले आदेशों के तहत काण्डे 14 जुलाई 2020 से अपेक्स बैंक, रायपुर में प्रबंध संचालक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। सहकारिता विभाग द्वारा यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। लगभग 6 वर्षों के सफल कार्यकाल के बाद के.एन. काण्डे अब सहकारिता आयुक्त कार्यालय में अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

### समर वेकेशन से पहले हाईकोर्ट में बदला गया रोस्टर

**बिलासपुर,7 मई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में समर वेकेशन से पहले रोस्टर में बदलाव किया गया है। गुरुवार 7 मई से नई व्यवस्था लागू की जा चुकी है, जिसके तहत चार डिवीजन बेंच और 14 सिंगल बेंच नियमित मामलों की सुनवाई करेंगी। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की प्रथम डिवीजन बेंच जनहित याचिका, हेबियस कॉर्पस, रिट अपील और विशेष मामलों की सुनवाई करेगी। वहीं जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय जायसवाल की दूसरी बेंच आपराधिक मामलों और अल्ट्रा वायर्स मामलों की सुनवाई करेगी। तीसरी डिवीजन बेंच में जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस एनके व्यास कैदी अपीलों से जुड़े मामलों को सुनेंगे। चौथी डिवीजन बेंच में जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत वैवाहिक अपील, टैक्स और सेवा मामलों की सुनवाई करेंगे। इसके अलावा मुख्य न्यायाधीश की विशेष बेंच सहित 14 सिंगल बेंच भी कार्य करेंगी।

### हंटा वायरस से 3 मौतों के बाद समुद्र में फंसे क्रूज को स्पेन ने दी एंट्री

**नई दिल्ली।** समुद्र में खड़े एक क्रूज जहाज ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। हंटावायरस के संक्रमण के बाद दो दिनों से केप वेर्डे तट के पास रुके जहाज को अब स्पेन ने अपने यहां आने की इजाजत दे दी है। इस जहाज पर अब तक 3 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जबकि कई और लोगों के संक्रमित होने की आशंका जताई जा रही है। हालात इतने गंभीर हो गए कि केप वेर्डे



ने खुद इस मिशन को संभालने में असमर्थता जता दी। अब जहाज को Canary Islands में लंगर डालने दिया जाएगा, जहां यात्रियों और क्रू मेंबर्स की मेडिकल जांच होगी। स्पेन सरकार ने कहा है कि सभी संक्रमितों की देखभाल की जाएगी और बाद में उन्हें उनके देशों में भेजा जाएगा। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे "मानवीय और कानूनी जिम्मेदारी" बताया है, क्योंकि जहाज पर कई स्पेनिश नागरिक भी सवार हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सालगिरह पर बदली पीएम मोदी की डीपी

**नई दिल्ली,7 मई।** भारत के सबसे चर्चित सैन्य ऑपरेशन में शामिल ऑपरेशन सिंदू को आज एक साल पूरा हो गया। इसी मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपनी प्रोफाइल फोटो बदल दी है। यह वही ऑपरेशन था, जिसमें भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। भारतीय सेना ने हाईटेक हथियारों और सटीक स्ट्राइक के जरिए आतंकियों के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने सेना के शौर्य को सलाम करते हुए संस्कृत में श्लोक भी लिखा। वहीं भारतीय सेना ने भी एक वीडियो जारी कर दिखाया कि किस तरह ऑपरेशन को अंजाम दिया गया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के साहस, समन्वय और आत्मनिर्भर सैन्य ताकत का बड़ा उदाहरण है। सोशल मीडिया पर भी ऑपरेशन सिंदूर ट्रेंड करने लगा है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीर सैनिकों को किया नमन

**रायपुर,7 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ पर भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि नए भारत की अटूट इच्छाशक्ति, निर्भीक संकल्प और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आज से एक वर्ष पूर्व पहलगाम में सीमा पार से आतंकियों द्वारा किए गए घिनौने हमले ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था, लेकिन भारत ने उस चुनौती का ऐसा जवाब दिया, जिसने इतिहास में शौर्य और संकल्प का स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया।

## होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव खत्म

**तेहरान,7 मई।** अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने के बदले ईरान जलमार्ग को फिर से खोलेगा। यह कदम दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बहाल करने की दिशा में एक बड़ी प्रगति है। खबरों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को धीरे-धीरे हटाने और इसके बदले में इसे धीरे-धीरे फिर से खोलने पर सहमति बन गई है। अल अरबिया के अनुसार, दोनों पक्षों ने गुरुवार को इस समझौते पर सहमति जताई। अमेरिका-ईरान युद्ध की शुरुआत में, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी। अल अरबिया से बात करते हुए सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य को धीरे-धीरे फिर से खोलने के बदले में नाकाबंदी में ढील देने के संबंध में समझौते हो गए हैं। आने वाले घंटों में जलडमरूमध्य में फंसे जहाजों को मुक्त कर दिया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरुमध्य नहीं खोलने की स्थिति में ईरान पर और ज्यादा बमबारी करने की बुधवार को चेतावनी दी। इस बीच, युद्ध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की खबर भी सामने आई है। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियस की खबर में अमेरिकी अधिकारियों और दो अन्य सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने को लेकर एक पृष्ठ के सहमति पत्र को मंजूरी देने और विस्तृत परमाणु वार्ताओं के लिए एक रूपरेखा तय करने के करीब पहुंच गए हैं। खबर के अनुसार अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान अगले 48 घंटे के अंदर विभिन्न प्रमुख बिंदुओं पर अपनी प्रतिक्रिया देगा। हालांकि खबर में यह भी कहा गया है कि अभी कुछ तय नहीं है। खबर में कहा गया है कि युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार दोनों पक्ष किसी समझौते के इतनी ज्यादा करीब पहुंचे हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अगर ईरान पहले से तय शर्तों को मान ले तो इस समय जारी बड़ा सैन्य अभियान एपिक फ्यूरी खत्म हो जाएगा। समुद्री नाकाबंदी हट जाएगी और होर्मुज जलडमरुमध्य ईरान समेत सभी के लिए खुल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने सहमति नहीं जताई, तो बमबारी शुरू होगी। यह बमबारी दुर्भाग्य से पहले की तुलना में बहुत बड़े स्तर पर और बहुत तेज होगी। एक्सियस की खबर के अनुसार, इस समझौते में ईरान परमाणु संवर्धन को अस्थायी रूप से रोकने पर सहमत होगा, जबकि अमेरिका उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधहटा देगा, साथ ही ईरान के अरबों डॉलर के 'फ्रीज' किए गए धन के इस्तेमाल की अनुमति देगा।



## पहले 118 साइन लेकर आओ

### लगातार दूसरी बार राज्यपाल ने विजय को वापस भेजा

**चेन्नई,7 मई।** तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी विजय की टीवीके यानी तमिलागा वेत्री कषगम को लगातार दूसरे दिन भी लोकभवन से निराशा मिली है। खबर है कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें वापस भेज दिया है और 118 विधायकों के हस्ताक्षर लाने के लिए कहा है।

तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी विजय की टीवीके यानी तमिलागा वेत्री कषगम को लगातार दूसरे दिन भी लोकभवन से निराशा मिली है। खबर है कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें वापस भेज दिया है और 118 विधायकों के हस्ताक्षर लाने के लिए कहा है। खास बात है कि सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी टीवीके बहुमत से दूर है और उसके पास 108 विधायक हैं। हालांकि, कांग्रेस के समर्थन से ग्राफ 113 पर पहुंच गया है।

राज्यपाल ने विजय को 118 विधायकों के साइन होने पर ही वापस आने के लिए कहा है। राज्यपाल ने विजय को कहा है कि टीवीके जरूरी नंबरों से अब भी पीछे है और किसी भी शपथ से पहले 118 साइन लेकर आएं। चैनल के अनुसार, राज्यपाल ने कहा, 'प्लीज 118 हस्ताक्षरों के साथ वापस आएं। साबित करें कि टीवीके के पास बहुमत है और इसके बाद शपथ हो सकती है।'

बुधवार को भी विजय ने राज्यपाल से 112 विधायकों के समर्थन के साथ मुलाकात की थी। इधर, गुरुवार को वीसीके यानी विधुथलाई चिरुथइगल काटची के प्रमुख ने थिरुमवालवन ने राज्यपाल से विजय को बुलाने और फ्लोर टेस्ट का मौका देने की अपील की है। उनका कहना है कि विजय सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं और उन्हें कार्यालय संभालने और बाद में विधानसभा में बहुमत साबित करने का मौका मिलना चाहिए।



## विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी

**चेन्नई,7 मई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में साउथ एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेट्ट्रि कझगम यानी टीवीके ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हिए 108 सीट पर जीत हासिल की। विजय ने सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। हालांकि सीएम बनने से पहले ही विजय मुश्किलों में घिर गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट ने टीवीके चीफ विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इनकम टैक्स अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है। दरअसल मामला 2015 में रिलीज हुई फिल्म पुलि से जुड़ा बताया गया है। हाईकोर्ट की रजिस्ट्री ने बुधवार (6 मई 2026) को याचिका को नंबर दे दिया है और इसे जल्द ही मेंटेनेबिलिटी (स्वीकार्यता) के मुद्दे पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है। विजय के खिलाफ यह याचिका पहले पिछले महीने दायर की गई थी। हालांकि रजिस्ट्री ने शुरुआत में इसे नंबर देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 8 अप्रैल को चीफ जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की खंडपीठ ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि याचिका को मेंटेनेबिलिटी के अधीन नंबर दिया जाए।

इसके अलावा, उन्होंने वित्त वर्ष 2015-16 के लिए 15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय का स्वेच्छा से खुलासा किया था। बाद में 29 जुलाई 2016 को विजय ने आकलन वर्ष 2016-17 के लिए 35.42 करोड़ रुपये की कुल आय घोषित करते हुए आयकर रिटर्न दाखिल किया था। रिटर्न में 17.81 लाख रुपये के डिप्रिसिएशन और 64.71 लाख रुपये के फैंस क्लब खर्च पर छूट का भी दावा किया गया था। दस्तावेजों के अनुसार, फिल्म के निर्माता पीटी सेल्वकुमार और शिबू (एसकेटी स्टूडियोज) ने विजय को 16 करोड़ रुपये चेक के माध्यम से और करीब 4.93 करोड़ रुपये नकद दिए थे। याचिका में दावा किया गया है कि टीडीएस (टीडीएस) केवल चेक से दी गई राशि पर जमा किया गया, जबकि नकद भुगतान पर नहीं। याचिका में यह भी कहा गया है कि आयकर जांच के दौरान विजय से पूछताछ की गई थी। जिसमें उन्होंने कथित रूप से करीब 5 करोड़ रुपये नकद प्राप्त करने की बात स्वीकार की और उस पर कर चुकाने पर सहमति जताई थी।

## सोहराबुद्दीन एनकाउंटर में हाईकोर्ट ने बरी किए सभी 22 आरोपी

**गांधीनगर,7 मई।** गुजरात के सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने 21 पुलिस वालों समेत 22 लोगों को बरी किए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। आरोप लगाया जा रहा है कि एक फर्जी एनकाउंटर में गुजरात पुलिस ने सोहराबुद्दीन शेख और तुलसीराम प्रजापति को मार दिया था। इसके अलावा सोहराबुद्दीन शेख की पत्नी कौसर बी की भी हत्या का आरोप है। 2005-06 के इस मामले में दिसंबर 2018 में विशेष अदालत ने सभी 22 आरोपियों को बरी कर दिया था। इनमें 21 पुलिस वाले शामिल थे, जो गुजरात, राजस्थान आंध्र प्रदेश के थे। विशेष अदालत के फैसले को सोहराबुद्दीन के दो भाइयों ने अप्रैल 2019 में हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। अब इस मामले में 7 साल बाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है। भारत में सबसे चर्चित एनकाउंटर केसों में से एक सोहराबुद्दीन के मामले ने एक समय पर काफी तूल पकड़ लिया था। यह एनकाउंटर उस दौरान हुआ था, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे। तब विपक्ष ने इसके बहाने उन्हें घेरने की काफी कोशिशें की थीं। इस मामले की जांच शुरुआत में गुजरात की स्टेट सीआईडी क्राइम ने की थी। इसके अलावा गुजरात एटीएस भी इसमें शामिल थी।

फिर सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इसके अलावा मुकदमे का ट्रायल भी गुजरात की बजाय मुंबई की स्पेशल कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था। 2018 में ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सोहराबुद्दीन एक वांछित अपराधी था। उसने कत्ल, फिरौती और अपहरण जैसे कई कांड को अंजाम दिया था। उसके खिलाफ गुजरात और राजस्थान में कई मुकदमे भी पाए गए थे। इस मामले में सीबीआई ने तब दावा किया था कि तीनों को एक लग्जरी बस से अगवा किया गया था, जब वे हैदराबाद से सांगली जा रहे थे। 23 नवंबर, 2005 की यह घटना थी। इसके बाद सोहराबुद्दीन और कौसर बी को गुजरात में एक फार्महाउस में अवैध रूप से रखा गया था। वहीं तुलसीराम प्रतापति की गिरफ्तारी तीन बाद राजस्थान के भीलवाड़ा में दिखाई गई थी। इस मामले में दावा किया गया था कि सोहराबुद्दीन के करीबी प्रजापति की मदद से ही इस एनकाउंटर को अंजाम दिया गया था। प्रजापति से कहा गया था कि राजनीतिक दबाव के चलते सोहराबुद्दीन को अरेस्ट करना होगा और बाद में उसे बेल पर छोड़ दिया जाएगा।

## कवर्धा में बैगा जनजाति के 13 नाबालिगों को बंधुआ श्रम से दिलाई मुक्ति

**कवर्धा,7 मई।** कबीरधाम पुलिस ने त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को बंधुआ एवं बाल श्रम से मुक्त कराया है। मामले में पुलिस ने 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेंद्र सिंह को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम थूहापानी एवं आसपास के क्षेत्रों में बैगा जनजाति के 15-20 नाबालिग बच्चों को उनके माता-पिता को पैसों का लालच देकर ले जाया गया है तथा उनसे जबरन श्रम कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल विशेष टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाते हुए ग्राम भलपहरी, खरहट्टा पाण्डातराई, सारंगपुर कला, कान्हाभैरा एवं दशरंगपुर क्षेत्रों में दबिश देकर कुल 13 नाबालिग बच्चों को सकुशल मुक्त कराया गया। रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों को थाना कोतवाली लाया गया तथा जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की टीम को सूचित कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार सभी बच्चों को सुरक्षित संरक्षण हेतु बालगृह में रखा गया है, जहां उनकी देखभाल एवं काउंसलिंग की जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि लगभग 6 से 7 माह पूर्व आरोपी रवि यादव एवं अन्य लोगों द्वारा बच्चों के माता-पिता को पैसों का प्रलोभन देकर बच्चों को काम कराने के लिए अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया था। वहां बच्चों से गाय एवं मवेशी चराने, उनकी देखभाल करने तथा अन्य कठिन कार्य कराए जाते थे। बच्चों ने बताया कि वे प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक तथा दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार काम करते थे। इसके बदले बच्चों को कोई मजदूरी नहीं दी जाती थी, जबकि उनके पालकों को मात्र 1000 से 2000 रुपये मासिक दिए जाते थे।

सभी बच्चों की उम्र 8 वर्ष से 15 वर्ष के बीच है तथा वे विशेष संरक्षित अनुसूचित जनजाति "बैगा जनजाति" से संबंध रखते हैं। बच्चों से मवेशी चराने एवं देखभाल का कार्य कराना जोखिमपूर्ण श्रम की श्रेणी में आता है, जो बाल अधिकारों एवं मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है।प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, बंधुआ मजदूर प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम 1976, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 सहित संगठित अपराध एवं बाल तस्करी से संबंधित गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# जनता ने भ्रष्टाचार को जवाब दिया:बीजेपी वोट चोरी से हुई चुनाव में जीत:कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 मई।** पश्चिम बंगाल की जीत पर पूर्व जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व ओर कार्यकर्ताओं की मेहनत ने ओर जनता के प्यार से पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत बीजेपी की हुई है । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की लगातार मॉनिटरिंग ओर मेहनत ने पश्चिम बंगाल में कमल खिलाया है । पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार किया है । सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिला यह ऐतिहासिक जनमत, राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। पश्चिम बगाल में नया आयाम की शुरुआत हो चुकी है ओर विकसित राज्य की ओर अग्रसर होगी । कवर्धा पूर्व कांग्रेस महिला अध्यक्ष रानू दुबे ने कहा की वोट चोरी से भाजपा जीती है ओर सत्य ओर ईमानदारी से बीजेपी नहीं जीती है । जनपद सदस्य बबीता चंद्रवंशी ओर पूर्व सरपंच छोटू चंद्रवंशी ने कहा की भ्रष्टाचार ओर भय का जवाब जनता ने टी एम सी को हराकर दिया है ओर विकास का नया अध्याय पश्चिम बंगाल में लिखा जाएगा ।

### 8 मई को हाई स्कूल डोम शेड में शिविर

**जामुल, 7 मई।** शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल में शिविर का आयोजन किया जा रहा है । दिनांक 08.05.2026 दिन शुक्रवार को हाई स्कूल डोम शेड में वार्ड 01, 02, 03, 04 एवं 06 के आम नागरिकों के समस्या के समाधान के लिए शिविर लगाया जायेगा । दिनांक 14.05.2026 दिन गुरुवार को प्राथमिक शाला रावण भाठा वार्ड क्र. 09 में वार्ड क्र. 05, 07, 09 एवं 10 के लिए, दिनांक 19.05.2026 दिन मंगलवार एसीसी मंगल भवन वार्ड क्र. 13 में वार्ड क्र. 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15 के नागरिकों लिए, दिनांक 26.05.2026 दिन मंगलवार को मंगल भवन शिवपुरी वार्ड क्र. 16 में वार्ड क्र. 16, 17 एवं 18 के नागरिकों के लिए, दिनांक 01.06.2026 दिन सोमवार को सांस्कृतिक भवन बाजार चौक सुरडुंग में वार्ड क्र. 19, 20 के नागरिक अपनी समस्या, शिकायत, मांग रख सकते हैं । शिविर का समय सुबह 9.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक रहेगा ।

# औंसर में मनरेगा कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,7 मई।** ग्राम पंचायत औंसर में आज vbgramg के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरपंच प्रियालता महिपाल, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर सरपंच ने बताया कि जीरामजी के तहत औंसर बांध के उलट पर नाला संधारण निर्माण एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन कार्यों के माध्यम से गांव के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे गांव की आधारभूत सुविधाओं में सुधार होगा और बेरोजगार मजदूरों को गांव में ही काम मिलेगा।पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि सभी कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किए जाएंगे और श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मनरेगा कार्यों में भाग लेने की अपील की गई, ताकि गांव के विकास को नई दिशा मिल सके। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल ग्राम पंचायत औसर डिप्टी के पंचगण सुरेश वर्मा,रोशनी चतुर्वेदी, श्यामा भारती, त्रिवेणी भारती, अनिता ठाकुर,रोजगार सहायक भूषण वर्मा, मेट खुबराम भारती, लता जागे, संजय यादव,कुंती धनकर, लीना मानिकपुरी,अंजु महिपाल एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# उर्स शांति से और व्यवस्थित संपन्न कराने बैठक में लिए गए कई निर्णय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 मई ।** भिलाई उर्स को लेकर दुर्ग कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासन एवं आयोजन समिति की बैठक हुई 13 से 16 मई तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, सीएसपी सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने चर्चा की? उर्स आयोजन को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए बैठक में तय किया गया कि उर्स का आयोजन प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 6 बजे से मार्ग को पूर्ण रूप से आम जनता के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन समिति को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही आयोजन स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रशासनिक निर्णयों का स्वागत करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया बैठक में चादर रैली को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। उर्स के दौरान निकाली जाने वाली प्रत्येक चादर रैली के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए संबंधित आयोजकों को एसडीएम दुर्ग कार्यालय से विधिवत अनुमति प्राप्त करनी होगी। बिना अनुमति किसी भी प्रकार की रैली नहीं निकाली जाएगी नियमों का हो पालन प्रशासन ने स्पष्ट किया।

कि किसी भी चादर रैली या जुलूस में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि प्रदूषण एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए डीजे पर पूर्ण रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### लूट के मामले में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 मई (तछसं.)।** भिलाई में एक किराना दुकान के संचालक को चाकू की नोक पर धमकाकर लूटपाट करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को तीन दिन बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों श्याम रेड्डी, विराज, धनराज निर्मलकर और प्रहलाद बंजारे को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भरद्वाज ने बताया कि जामुल हाउसिंग बोर्ड निवासी मेजर यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी मेजर यादव की शिकायत के अनुसार, 4 मई को सुबह आठ बजे चार युवक उनकी किराना दुकान पर पहुंचे। उन्होंने चाय, पानी बोतल, गुटखा और सिगरेट खरीदी। जब मेजर यादव ने उनसे पैसे मांगे तो युवकों ने विवाद शुरू कर दिया विवाद बढ़ता देख आरोपी श्याम रेड्डी ने चाकू निकालकर मेजर यादव की तरफदौड़ाया मेजर यादव डरकर बचने की जद्दोजहद करने लगे। इसी दौरान, श्याम रेड्डी के साथ आए आरोपी विराज (खुर्सीपार दुर्गा मंदिर निवासी), धनराज निर्मलकर और प्रहलाद बंजारे दुकान के अंदर घुस गए चारों ने मिलकर गल्ला खोला और उसमें रखे 5 हजार 100 रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गहन खोजबीन की और उन्हें गिरफ्तार कर लूट का मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

### देशी कट्टा,दो लाख सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 मई (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के खारुन नदी रेलवे पूल के नीचे देशी कट्टा और दो लाख रुपए नगदी के साथ एक व्यक्ति को कुम्हारी थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी अविनाश आष्टिकर (53 साल ) एमडीडी 102 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कबीर नगर रायपुर का रहने वाला है पुलिस आरोपी के कब्जे से एक नग देशी कट्टा एक नग जिंदा कारतूस दो लाख रुपए नगदी एवं मोबाइल भी जब्त किया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कर्रे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति खारून नदी स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे सफेद प्लास्टिक बोरी में अवैध देशी कट्टा एवं नगदी रकम रखकर बिक्री करने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही थाना कुम्हारी पुलिस तत्काल टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर संदेही व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अविनाश आष्टिकर निवासी कबीर नगर रायपुर बताया आरोपी के कब्जे की तलाशी लेने पर एक नग लोहे का देशी कट्टा, एक नग जिंदा कारतूस, दो लाख रुपए नगदी एवं नग नग वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ आरोपी हथियार एवं रकम के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर सामग्री को विधिवत जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है ।

# भाजपा उतई मंडल की बैठक में शामिल हुए दुर्ग जिला मंत्री शैलेंद्र शेंडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 7 मई।** मंडल प्रभारी शैलेंद्र शेंडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए कहा हैं कि सांगठनिक मजबूती के लिए बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर बैठक आयोजित किया जाना हैं।जिसमें बूथ सशक्तिकरण,सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका,और आगामी जनसंपर्क अभियानों पर जोर दिया जायेगा।बूथ जीता तो चुनाव जीता के संकल्प के साथ,इन बैठकों में शक्ति केंद्र संयोजकों और बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। कि बैठक करने का मुख्य उद्देश्य पर चर्चा जैसे संगठन सुदृढ़ीकरण बूथ, शक्ति केंद्रऔर मंडल के बीच तालमेल बनाकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना।सक्रियता बढ़ाना- प्रत्येक शक्ति केंद्र पर नियमित बैठकें और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।बूथ सशक्तिकरण अभियान- कमजोर बूथों की पहचान कर उन्हें सशक्त बनाने हेतु कार्ययोजना बनाया। जनसंपर्क पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक ले जाने के लिए जनसंपर्क अभियान को तेज करना।भाजपा की यह त्रिशक्ति (बूथ-शक्ति केंद्र-मंडल) आगामी चुनावों में विजय सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जा रही प्रमुख रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री एवं उतई मंडल प्रभारी शैलेंद्र शेंडे,जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति सहकारिता विभाग श्रद्धा साहू,बैठक के अध्यक्षता एवं स्वागत भाषण पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,ने प्रस्तुत किया।बैठक संचालन महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने किया,आभार प्रदर्शन उतई नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख ने किया,महामंत्री चंदू देवांगन,पार्षद लक्ष्मीनारायण साहू, सोनू राजपूत,सुनीता चंद्राकर, लता सोनवानी ,शिव ठाकुर,सतीश चंद्राकर, खूबीराम साहू,रूपेश परख,एकता चंद्राकर, संध्या भारती,सुमन श्रीवास्त,सुश्री ममता चंद्राकर,रंजना चंद्राकर, मोतिम ठाकुर,ममता साहू,हर्ष चंदेल,करण सेन, शोभित साहू,हरीश कुमार यादव, घनश्याम चंद्राकर,वैभव देवांगन, उज्जवल साहू,ए हरिशंकर राव,संतोष साहू,विजेंद्र साहू,योगेश सोनेश्री,श्रवण कोसरिया, कांति साहू, कृष्ण कन्हैया साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत,राकेश देवांगन, दिलीप ठाकुर,विनोद कुमार हेड़ाऊ,देवेंद्र भारती,चिंटू सिन्हा, योगेश साहू, दानेश्वर यादव,दिनेश पटेल,अनूप यादव,पुरूषोतम साहू,नीलम सिंह गढ़े,शुभम वर्मा,सहित अधिक संख्या में कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

# क्रिकेट सट्टा,दो गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर, 7 मई।** भिलाई जुआ सट्टा के खिलाफ जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन जुआ खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में मोहन नगर थाने पुलिस को सफलता मिली है मोहन नगर पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन एवं नगदी रकम 36,100 रुपए जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है मोहन नगर टीआई केशव कोसले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल ऋषि के पास रेलवे स्टेशन के सामने कुछ व्यक्ति अवैध रूप से आईपीएल क्रिकेट मैच पर रुपए पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित कर मौके पर भेजी गई थी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी मोहसिन खान निवासी रिसाई पारा धमतरी, राहुल खान निवासी रिसाई पारा धमतरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है आरोपियों ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर अवैध रूप से धन लाभ अर्जित करने के लिए रुपए पैसों का दांव लगाना स्वीकार किया दुर्ग पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के अवैध जुआ, सट्टा अथवा अपराधिक गतिविधियों की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

# सांसद बघेल ने अफसरों व कर्मियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 7 मई।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री विजय बघेल ने आज सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली असामयिक मृत्यु के आंकड़ों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

सांसद श्री बघेल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी हैं, जिनमें अधिकांश हादसे लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। उन्होंने विशेष रूप से चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने और दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियों को छीन सकती है।उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि जब भी कोई व्यक्ति घर से निकलता है, तो उसके परिवार के सदस्य उसके सुरक्षित लौटने का इंतजार करते हैं। ऐसे में यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता ही नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है।सांसद श्री बघेल ने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि नशे में वाहन चलाना न केवल स्वयं के जीवन के लिए खतरा है, बल्कि अन्य लोगों की जान को भी जोखिम में डालता है। उन्होंने प्रशासन से इस पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। सांसद श्री बघेल ने विश्वास जताया कि इस तरह के जनजागरूकता अभियानों से निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों का जीवन सुरक्षित होगा।अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने का परिचय दें।

# प्रशिक्षण वर्ग केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया है:बग्गा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 7 मई।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने बताया की भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी 12 एवं 13 मई को आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ग प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर सिंह बग्गा, जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र वैष्णव, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शिवकुमार बंजारा, नगर पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।वर्ग प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर सिंह बग्गा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, (प्रशिक्षण वर्ग भारतीय जनता पार्टी का प्राण है, यही वर्ग कार्यकर्ता को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना से जोड़ता है।) उन्होंने जोर देते हुए कहा कि (यह वर्ग सुविधाओं से युक्त हो, पर वैभव से मुक्त हो।) साथ ही वर्ग की तैयारियों की लगातार निगरानी और समीक्षा करने के निर्देश दिए । संगठनात्मक कार्यों का विभाजन करते हुए सभी पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने की बात कही। उन्होंने कहा, (दिए गए दायित्वों का अनुशासित निर्वहन ही संगठन की वास्तविक शक्ति है।) विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि वे स्वयं प्रशिक्षण वर्ग से निरंतर सीखते रहे और उसका उपयोग सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यावहारिक जीवन में करते हैं। उन्होंने प्रथमेम अनधन जीवन केहर क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। साथ ही मुख्यमंत्री के प्रस्तावित मुंगेली आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। बैठक में स्वागत भाषण एवं बैठक का विवरण जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री गुरमीत सलूजा ने किया।

# पुलिस ने चाकूबाजी के तीन आरोपियों का जुलूस निकाला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 मई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के चाकूबाजी का मामला सामने आया है। जिसमें जेल से छूटकर आए बदमाश ने रंजिश के चलते युवक पर हमला कर दिया घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को पकड़कर उनका झुलुस निकाला है छावनी प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि सूर्या नगर केम्प - 2 भिलाई निवासी हेमराज निषाद उर्फ प्रिंस फल मण्डी पावर हाउस में हमाली का काम करता है बीती रात बाइक से नास्ता करने नंदनी रोड गया था वापस आते समय नंदनी रोड से मार्केट मुड़ते समय शाहरूख खान के बाइक से टकरा गया शाहरूख ने पीड़ित को गाली गलौज धमकी दिया था घटना की 5 मई की रात 10.30 बजे पीड़ित मण्डी में अपना काम खत्म कर साथी हमाल के साथ घर जा रहा था। तभी मण्डी के बाहर शाहरूख खान पीड़ित को खोजते हुए गाली गलौज कर बाइक को ठोकर मारा कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा धारदार नुकीले हथियार से वार करने पर पीड़ित के बायां पसली में चोट आई है हमला करने वाला युवक शाहरूख और उसके दो दोस्त के साथ गिरफ्तार किया गया है तीनों आरोपियों का पुलिस ने मोहल्ले में जुलूस निकाला और चौक पर ही उठक-बैठक भी करवाया इस के बाद में तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाल रही है।

### पुष्पा एम्ब्रोस ने ग्लोबल बिजनेस समिट-2026 में भाग लिया

**भिलाई, 7 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप-3 की महाप्रबंधक सुश्री पुष्पा एम्ब्रोस ने मलेशिया के विन्धम क्लांग में आयोजित ग्लोबल बिजनेस समिट-2026 में संयंत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विशिष्ट पैनल चर्चा में भाग लेकर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई।

ग्लोबल सिनर्जी बिजनेस विदाउट बाउंड्रीज विषय पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वैश्विक उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधि, नीति-निर्माता एवं विशेषज्ञों की सहभागिता रही।

# स्कूटी से तीन छात्राओं को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर, 7 मई।** भिलाई जामुल इलाके में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाकर स्कूटी सवार छात्राओं को ठोकर मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्राएं घायल हो गईं जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि कैलाश नगर निवासी प्रभाष पाल की नाबालिग बेटी अपनी दो सहेलियों के साथ एक्टिवा से जामुल से एसीसी चौक की ओर जा रही थी तीनों छात्राएं किताब छोड़ने के बाद जूस पीने रुकी थी इसके बाद वे अपनी सहेली को उसके घर छोड़ने जा रही थी इसी दौरान नंदिनी रोड पर ट्रक चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को जोरदार ठोकर मार दी ठोकर इतनी तेज थी कि तीनों छात्राएं सड़क पर गिर गईं हादसे में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया थाना जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

# निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को डेंगू और मलेरिया के प्रति जागरूक किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाईनगर।** निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन और जन-जागरूकता के लिए जोन-3 मदर टेरेसा नगर में व्यापक अभियान चलाया गया। वार्ड-35, शारदा पारा स्थित कुष्ठ बस्ती एवं भैरव बस्ती में निगम के विशेष दस्ते और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम ने घर-घर जाकर गहन सर्वेक्षण कियाटीम ने प्रत्येक घर में कूलर, पानी की टंकियों, ड्रमों और पुराने कंटेनरों की बारीकी से जांच की। जहां भी मच्छरों का प्रजनन (लार्वा) पाया गया, उस जमा पानी को तुरंत खाली करवाया गया। ?मच्छर लार्वा के नियंत्रण के लिए एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। ?वयस्क मच्छरों को खत्म करने के लिए स्प्रेयर पंप के माध्यम से मैलाथियान का छिड़काव सुनिश्चित किया गया।बस्तियों की पक्की और कच्ची नालियों में ठहरे हुए पानी पर भी कीटनाशकों का उपयोग किया गया। सर्वे के दौरान नागरिकों को मच्छरदानी का उपयोग करने, घर के आसपास पानी न जमने देने और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। साथ ही, बचाव संबंधी जानकारी से युक्त पाम्पलेट का वितरण भी किया गया।नगर निगम प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक अपने घरों के आसपास सफाई रखें और सप्ताह में कम से कम एक बार अपने कूलर और पानी के बर्तनों को सुखाकर साफ करें, ताकि मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके।

एक नजर

## निगम क्षेत्र से अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्रवाई जारी

**राजनांदगांव 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाये विज्ञापन बोर्ड नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में गत दिनों लगभग 500 बोर्ड हटाये थे और आज शहर के प्रमुख मार्गो के डिवाईडर एवं विद्युत पोलो में लगे 170 पोस्टर व छोट विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे गत दिनो निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये शहर के विभिन्न हिस्सो के डिवाईडर एवं विद्युत पोलो में लगे लगभग 500 अवैध बोर्ड हटाये और आज जमातपारा, फौव्हारा चौक, दिग्विजय कालेज रोड, गौरव पथ, अनुपम नगर एवं आम्बेडकर चौक तक 170 छोटे विज्ञापन बोर्ड एंव पोस्टर हटाया गया। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे। अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रातंर्गत बिना अनुमति लगाये गये होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते हुए बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जावेगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जावेंगी, जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे खर्चे के लिए संबंधित एजेन्सी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## लघु फ़िल्म प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां 30 जून तक आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 7 मई।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा 12 वें लघु फ़िल्म प्रतियोगिता 2026 हेतु प्रविष्टियां 30 जून 2026 तक आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में किसी भी आयु समूह के नागरिक भाग ले सकते है। चयनित फ़िल्म को प्रथम पुरस्कार 2 लाख, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। लघु फ़िल्म का विषय 'ह्यूमन राइट इस्सू'है जो अंग्रेजी एवं किसी भी भारतीय भाषा में हो सकता है। लघु फ़िल्म क़ी अवधि न्यूनतम 3 एवं अधिकतम 10 मिनट का होना चाहिए।प्रविष्टियां केवल ऑनलाइन माध्यम से nhrcshortfilm@gmail.com पर स्वीकार किये जाएंगे। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र के लिये वेबसाइट https://nhrc.nic.in का अवलोकन किया जा सकता है।

### निधन

### रमेश दास

**सिमगा 7 मई।** शिक्षक रमेश दास उम्र 78 वर्ष कुछ समय से बीमार चल रहे थे उनका निधन कल रात 12



बजे हो गया वे नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष अविनाश दास, विकास दास व प्रशांत दास के पिता हैं उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान टिहू पारा वार्ड क्रमांक 11 से समय दोपहर में 3. 30 मिनट में कब्रिस्तान के लिये रवाना होगी इस दुखद समय को परिवार वालो को सहने की सहनशीलता दे।

# रोजगार मेला में 13 युवाओं को मौक़े पर ही मिला ऑफर लेटर,12 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,7 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में बुधवार को निजी क्षेत्रों के 6 नियोजकों से प्राप्त 192 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गय। इस प्लेसमेंट कैम्प में 13 युवाओं का फ़इनल सलेक्शन कर ऑफर लेटर दिया गया एवं 12 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक एक्सट्रा एडनरी स्कूल (पंडित बंशराज तिवारी मल्टी पर्पस सोसायटी) बलौदाबाजार द्वारा टिचर के 10 पदों के लिए 6 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 2 आवेदक का प्राथमिक चयन किया गया। स्काई आटो मोबाईल (नेक्सा) बलौदाबाजार द्वारा रिलेशनशिप (सेल्स) के 4 पद रिशेपसनिष्ठ के 1 पद के लिए 15 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन हुआ, अलर्ट सिक्योरिटी प्रा.लि. रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 50 पद, सहा सुपरवाईजर के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 9 पद, टेंडर के 2 पद, मार्केटिंग के 8 पद के लिए 9 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 6 आवेदकों को चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। सार्थक किएटिव ऑर्गनाइजेशन रायपुर द्वारा मैनेजर के 5 पद, ट्रेनर के 15 पद, रिशेपसनिष्ठ के 5 पद, मोबाईलजार के 5 पद, प्रिसिंपल के 3 पद, टिचर के 10 पदों के लिए 5 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 3 आवेदक का प्राथनिक चयन एवं 2 आवेदको का चयन कर ऑफर लेटर प्रदान की गई। स्वतंत्र माईक्रो फायनेस प्रा.लि. रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 30 पद, कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों के लिए 6 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 1 आवेदक का प्राथमिक चयन एवं 5 आवेदको का चयन कर ऑफर लैटर प्रदान किया गया। जैनावीर प्रा.लि. रायपुर द्वारा वेल्डर फेब्रिकेटर एवं सहा कम्प्यूटर ऑपरेटर के 6 पदों के लिए 2 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 1 आवेदक का प्राथमिक चयन एवं 1 आवेदक को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेला में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रजनी छड़ीमली ने उपस्थित नियोजकों से रोजगार से संबंधित विस्तृत रूप से चर्चा की गई आगामी मेला में संस्थानों में रिक्त पदों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के हेतु निर्देश दिए है। रोजगार मेले में जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत, समाज शिक्षा संगठक आशा शुक्ला, रोजगार कार्यालय एवं लाईवलीहुड कॉलेज के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### सिमगा नवागांव में समाधान शिविर का आयोजन

# सुशासन सेल्फी बना आकर्षण का केन्द्र,ग्रामीणों को तत्काल मिला लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 7 मई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 6मई को विकासखंड सिमगा के ग्रामपंचायत नवागांव में जनसमस्या निवारण समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में स्थानीय पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा. एवं जनपद सदस्य जिला सदस्य सरपंच जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वाराआयुष्मान कार्ड व चश्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना आवास क़ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा 2महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिक़ी विभाग द्वारा फलदार पौधे,समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी क़ी प्रतिमा, ,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं। समाधान शिविरों के जरिए मौके पर ही फाइल तैयार हो रही है और वहीं तुरंत निपटारा भी किया जा रहा है, इसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों के साथ-साथ मनरेगा की लंबित मजदूरी, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर और पेयजल, आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन, पेंशन, श्रम कार्ड, जैसी विभिन्न विभागों के योजनाओं से लाभ लेने विशेष रूप से शामिल किया गया है। इन शिविरों में केवल आवेदन स्वीकार करने तक सीमित नहीं रहा जाएगा, बल्कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा और प्रत्येक आवेदन का अधिकतम एक महीने के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया गया है। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों की जानकारी देते हुए योजनाओं के बारे में बताया और योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया।

सुशासन सेल्फी बना आकर्षण का केंद्र - समाधान शिविर में आकर्षक सुशासन सेल्फी का निर्माण किया गया। शिविर में आने वाले ग्रामीण इसमें सेल्फी लेने उत्साहित नजर आये। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुवती महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प भी लगाया गया। तेज गर्मी को देखते हुए इस कैम्प में ओआरएस घोल क़ी भी व्यवस्था क़ी गई थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, किसान नेता अनिल पाण्डेय. जिला अध्यक्ष आनंद यादव ज़ी. नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ज़ी.जनपद अध्यक्ष दौलत पाल. उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला. सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे. मंडल अध्यक्ष चंद्रमनी तिवारी. जिला सदस्य दीप्ती गोविन्द वर्मा. शशि आनंद बंजारे. सरपंच नीरा धर्मेन्द्र कोसले. भाजपा नेता मनोज टोंडे. जनपद सदस्य खोमलाल साहू. जीत त्रिलोक कुर्रे. बबलू पटेल. सरपंच कमलेश यदु. मालती चुरावण साहू. महेश मिरी. रंजीत सोनवानी. कामनी जीवन साहू. सहित सरपंच, अधिकारी - कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संसदीय समिति की बैठक में बृजमोहन अग्रवाल का उर्वरक और औषधि क्षेत्र में बड़े सुधारों पर जोर

**रायपुर 7 मई।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को नई दिल्ली में रसायन एवं उर्वरक संबंधी स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक में देश के औद्योगिक, कृषि एवं औषधीय क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान उर्वरक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की निष्क्रिय पड़ी संपत्तियों की समीक्षा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि देश की मूल्यवान संपत्तियों का निष्क्रिय रहना राष्ट्र की प्रगति में बाधक है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन संसाधनों का पुनरुद्धार कर उर्वरक उत्पादन की क्षमता बढ़ाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब खाद का उत्पादन बढ़ेगा, तभी छत्तीसगढ़ समेत देशभर के अन्नदाताओं के पसीने की सही कीमत मिलेगी और उन्हें समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी।



बैठक में श्री अग्रवाल ने उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से एक्टिव फर्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) के उत्पादन और उपलब्धता में आत्मनिर्भरता÷ विषय पर रसायन और उर्वरक मंत्रालय (औषध विभाग) के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए अपने सुझाव दिए। सांसद श्री अग्रवाल ने जोर दिया कि एपीआई उत्पादन को बढ़ावा मिलने से न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भारी औद्योगिक निवेश आएगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए द्वार खुलेंगे। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, हमारा हर कदम छत्तीसगढ़ समेत देशभर के किसान, मजदूर और युवाओं के उत्थान के लिए समर्पित है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे हमारे प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यही मेरा प्राथमिक लक्ष्य है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की सहभागिता अब और भी सशक्त होगी।

## संयुक्त टीम ने कैटीन एवं होटलों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता व साफ-सफाई पर ध्यान देने के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार,7 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार अभियान के तहत् खाद्य सुरक्षा टीम ने मंगलवार को सीमेंट सयंत्रो के कैन्टीन एवं बलौदाबाजार के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री रावन में संचालित कैंटीन व एपीएल अपोलो स्टील फैक्ट्री केसदा के कैंटीन का निरीक्षण किया गया।एपीएल अपोलो स्टील फैक्ट्री के कैंटीन में खाद्य पर्दार्थो को दीवार से दूर व रैक में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गये।साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, वॉटर टेस्ट सर्टिफिकेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बलौदाबाजार शहर के एवन डेली नीड्स, मिस बेकरी हाउस, मन्की द केक शॉप, शर्मा मुरादाबादी बिरयानी सेटर, होटल अश का निरीक्षण कर साफ सफाई तथा अन्य नियमों को कड़ाई से पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## बलौदाबाजार प्रेस क्लब की नये एसपी से आत्मीय मुलाकात







■ क़ानून व्यवस्था को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 7 मई।** जिले में पदस्थ नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश शर्मा से बलौदाबाजार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान पत्रकारों और पुलिस अधीक्षक के बीच जिले की कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा तथा पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रेस क्लब के सदस्यों ने जिले में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिसिंग को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पत्रकारों ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन और मीडिया के बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। नवागत पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश शर्मा ने प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक सुना और जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने एवं प्रभावी अमल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस और मीडिया दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं तथा जनहित के कार्यों में सकारात्मक सहयोग बेहद आवश्यक है। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान बलौदाबाजार प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, उपाध्यक्ष दिलीप महेश्वरी, सचिव दलजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, राघवेंद्र सिंह, गोविंद रात्रे, लकेश बघेल, आभाष शर्मा एवं पुष्पकांत मेजर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विशेष अभियान चलाकर लंबित आवेदनों का करें निराकरण:कलेक्टर

**बलौदाबाजार,7 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा क़ी बैठक में विभागीय कार्यो के साथ सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविर क़ी समीक्षा क़ी। उन्होंने राजस्व सम्बधित लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियो को दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि अविवादित बंटवारा, नामांतरण,त्रुटि सुधार हेतु अभियान चलाएं। 15 दिन का कार्ययोजना बनाकर पटवारी और आरआई से प्रतिवेदन लें। इसीतरह स्वामित्व योजना अंतर्गत किसानों का स्वामित्व कार्ड बनाएं। उन्होंने जनगणना अंतर्गत मकान सुचिकरण एवं गणना कार्य क़ी समीक्षा करते हुए भाटापारा एवं लवन तहसील में अब जिन एचएलबी में गणना कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है वहां शीघ्र प्रारम्भ कराएं। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का पोर्टल पर तत्काल प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा निराकरण क़ी जानकारी शिविर स्थल पर देने के निर्देश दिये।



## प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट आज, 6 सौ से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 मई।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 7 मई 2026 को प्री पोलिटेक्निक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के 623 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारी क़ो लेकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को केंद्राध्यक्ष व ऑब्जर्वर की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए और मंडल के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर संवेदनशील है। बिना किसी त्रुटि के एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो, निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और अपने दायित्व का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। सभी परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लागू हो और किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति न दी जाए। अभ्यर्थियों की पहचान का सत्यापन आधार एवं प्रवेश पत्र के आधार पर किया जाए और कक्षा में प्रवेश से पहले उनका चेकिंग कार्य सटीक रूप से हो। उन्होंने कहा कि मुख्य प्रवेश द्वार बंद करने के पूर्व तीन अलग अलग समय पर माइक से सूचित करें। बताया गया कि परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 2 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें डी के कॉलेज बलौदाबाजार, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल है।परीक्षा प्रातः 10 से अपरान्ह 1 :15बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घण्टे पूर्व केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### ब्रह्माकुमारीज समर कैंप में बच्चों का उत्साह बढ़ाने पहुंचे पार्षद रानी सौरभ जैन

# अलादीन के चिराग और जिनी की कहानी से बच्चों ने सीखा सही सोचने का तरीका

**तिल्दा नेवरा 7 मई।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित समर कैंप के छठवें दिन एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इस विशेष क्लास में अदानी पावर के एसोसिएट मैनेजर भ्राता आकाश धुरंधर विशेष रूप से बच्चों को मार्गदर्शन देने उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच की शक्ति को अलादीन के चिराग और जिनी की रोचक कहानी के माध्यम से सरलता से समझाया।

उन्होंने बताया कि जैसे अलादीन के चिराग से जिनी निकलकर हर आदेश को पूरा करता था, उसी प्रकार हमारे पास भी एक अद्भुत चिराग है – हमारा मन। मन से निकलने वाले विचार उस जिनी की तरह कार्य करते हैं। हम जैसा सोचते हैं, वैसी ही हमारी वास्तविकता धीरे-धीरे बनती जाती है। मानो यह प्रकृति हमसे कह रही हो – ÷आप जो भी सोचेंगे, उसे पूरा करना मेरा धर्म हैज जो हुकुम मेरे आका।÷



उन्होंने कई प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से मन की शक्ति को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि महानायक अभिताभ बच्चन को प्रारंभ में रेडियो में नौकरी के लिए उनकी आवाज़ के कारण अस्वीकार कर दिया गया था। वहीं सचिन तेंदुलकर का लोग उनकी कम उम्र और छोटे कद के कारण मज़ाक उड़ाते थे, लेकिन इन दोनों महान व्यक्तित्वों ने अपने भीतर कभी नकारात्मक विचारों को स्थान नहीं दिया और आगे चलकर विश्वभर में अपनी अलग पहचान बनाई।

इसी प्रकार Arunima Sinha का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि एक दुर्घटना में दोनों पैर खो देने के बाद भी उन्होंने स्वयं को किसी पर बोझ नहीं बनने दिया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर यह सिद्ध करेंगी कि वे भी सक्षम हैं, और कृत्रिम पैरों के सहारे उन्होंने यह असंभव कार्य कर दिखाया।

भ्राता आकाश ने बच्चों को समझाया कि हमारा दिमाग हार्डवेयर की तरह है और मन उसमें कार्य करने वाले सॉफ्टवेयर की तरह। सभी के पास अत्यंत शक्तिशाली हार्डवेयर है, लेकिन यदि हम नकारात्मक सोच रूपी गलत सॉफ्टवेयर का उपयोग करेंगे तो जीवन में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को मन और बुद्धि के कार्य करने की प्रक्रिया समझाई गई। उन्होंने बताया कि जब हमारे मन में कोई विचार आता है, जैसे एक मिठाई खाने के बाद दूसरी खाने का विचार, या किसी डर के कारण सच छिपाने का विचार, तब मन विभिन्न विकल्प उत्पन्न करता है। फिर बुद्धि एक न्यायाधीश की तरह उनमें से निर्णय लेती है और वही निर्णय संस्कारों की डायरी में रिकॉर्ड हो जाता है।

एक अन्य गतिविधि में बच्चों को विभिन्न परिस्थितियाँ देकर पूछा गया कि सामान्यतः हम उनमें कैसे सोचते हैं और सही सोच क्या हो सकती है। जैसे – पापा ने डांट दिया, टीचर ने सरप्राइज टेस्ट की घोषणा कर दी, मम्मी ने मोबाइल देखने से मना कर दिया या दुकानदार ने सामान देने में देर कर दी। इन परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच कैसे रखी जा सकती है, यह बच्चों ने स्वयं बड़े उत्साह से बताया।

ईक्यू और आईक्यू का अंतर स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छी सोच से हमारा ईक्यू अर्थात इमोशनल कोशेंट बढ़ता है। आज जीवन में सफलता प्राप्त करने में लगभग 80 प्रतिशत भूमिका ईक्यू की और 20 प्रतिशत भूमिका आईक्यू की होती है। ईक्यू का अर्थ है – विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की क्षमता। सकारात्मक सोच और उच्च ईक्यू विकसित करने के लिए मेडिटेशन को एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बताते हुए उन्होंने उसके मूल सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला। अंत में उन्होंने बच्चों को मेडिटेशन का अभ्यास कराया तथा अपने लक्ष्य और भविष्य के स्वरूप का स्पष्ट विज़न मन में बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी पूरे एकाग्र भाव से इस अभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बच्चों के प्रत्येक समूह को एक नाटक प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। सभी समूहों को एक-एक वस्तु दी गई, जिसका विज्ञापन भी उन्हें अपने नाटक में शामिल करना था, जैसे – हेयर ऑयल, वूमेन्स प्लस प्रोटीन पाउडर, डेटॉल आदि। साथ ही प्रत्येक नाटक को किसी न किसी मूल्य जैसे ईमानदारी, अनुशासन, सहयोग, टीमवर्क एवं करुणा पर आधारित बनाना था।

## टीवीके को तय करना है मजबूत सरकार बनानी या ...

तमिलनाडु की राजनीति में चुनाव परिणाम आने के बाद राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं।यहां की परंपरा के हिसाब से इस बार सत्ता में अद्रमुक को आना था लेकिन तमिलनाडु की राजनीति में पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्ता से द्रमुक को जनता ने हटा दिया तो अद्रमुक को मौका नहीं दिया।यानी इस बार सत्ता में यहां की परंपरागत राजनीति के दो प्रमुख दल में एक भी नहीं है। दोनों सत्ता के दावेदार सत्ता से बाहर कर दिए गए हैं और जनता ने द्रमुक के विकल्प के रूप में अद्रमुक को न चुनकर टीवीके को चुना है। जिसे दक्षिण भारत के एक्टर मात्र दो साल पहले बनाया है। दो साल पुरानी पार्टी को जनता ने सेवा का मौका देकर एक तरह से यह साबित कर दिया है कि वह द्रविड़ राजनीति में बदलाव चाहती थी लेकिन द्रमुक व अद्रमुक का कोई विकल्प न होने के कारण वह द्रमुक की जगह अद्रमुक और अद्रमुक की जगह द्रमुक को चुनने को विवश थी। इस चुनाव में जैसे उसे द्रमुक व अद्रमुक का विकल्प टीवीके के रूप में मिला तो जनता ने उसे सबसे सीटों पर जिताकर साफ कर दिया है कि वह अब द्रमुक व अद्रमुक की राजनीति से ऊब चुकी है और वह यहां की राजनीति में बदलाव चाहती है। जनता ने टीवीके को बहुमत नहीं दिया है, इसलिए इस बार जो सरकार बनेगी वह किसी न किसी बड़ी पार्टी या कई छोटे दलों के समर्थन से ही बन सकती है। विजय की सरकार बनाने के लिए तो द्रमुक को छोड़कर बाकी सारे राजनीतिक दल सशर्त व निशर्त समर्थन देने को तैयार लग रहे हैं। कई लोग तो समर्थन नहीं मांगने पर भी साफ कर दिया है कि यदि विजय उनसे समर्थन मांगते हैं तो वह समर्थन करने को तैयार हैं। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की ह कि विजय ने धर्मनिरपेक्ष सरकार बनाने के लिए कांग्रेस व वामपंथी दलों से सहयोग मांगा है। कांग्रेस नेता इससे गदगद हैं कि तमिलनाडु में वह किंगमेकर मानी जा रही हैं।यानी कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह तमिलनाडु में धर्मनिरपेक्ष सरकार बनाने के लिए विजय का सशर्त समर्थन कर सकती है। यानी कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष सरकार के बहाने सत्ता के साथ जाने को तैयार है,यानी वह सत्ता के लिए बरसों पुराने राजनीतिक सहयोगी द्रमुक का साथ छोडऩे को तैयार है। इस बात पर द्रमुक को झटका लगा है कि उसने कांग्रेस के अस्तित्व को राज्य में बनाए रखा उसी के दम पर उसके विधायक जीतते रहे और इस बार भी द्रमुक के कारण कांग्रेस के विधायक जीत कर आए हैं और कांग्रेस सत्ता के लिए द्रमुक को धोखा दे रही है। द्रमुक को कांग्रेस से ऐसी उम्मीद नहीं थी। इससे विपक्ष के बाकी दलों का भी कांग्रेस पर भरोसा कम होगा कि कांग्रेस सत्ता के लिए जब द्रमुक को छोड़ सकती है तो उनको भी सत्ता के लिए टाटा कर सकती है। टीवीके ने द्रमुक को सत्ता से बाहर किया है। द्रमुक टीवीके का समर्थन तो कर नही सकती ऐसे में अद्रमुक टीवीके की सरकार बनवा कर सत्ता के साथ जाने को तैयार है। यह टीवीके को तय करना है कि उसे कांग्रेस सहित कई दलों के समर्थन वाली कमजोर सरकार बनानी है या अद्रमुक के समर्थन से मजबूत सरकार बनानी है। कई दलों के समर्थन की सरकार होने पर कई दलों की मांगें विजय को माननी पड़ेगी जिसकी मांग नहीं मानी वही सरकार गिराने की धमकी देगा। केंद्र व राज्य में कई बार ऐसा हो चुका है। गठबंधन वाली सरकार तब ही बनी रहती है जब उसका समर्थन करने वाले दलों की मांग पूरी होती रहती है। जैसे ही सरकार किसी की बात नहीं मानती है तो वह दल सरकार गिरा देता है। कांग्रेस तो कई दलों की सरकार गिरा चुकी है। भाजपा चाहेगी की टीवीके की सरकार तमिलनाडु में अपना कार्यकाल पूरा करे और द्रमुक का मजबूत विकल्प बन सके और ऐसा तब ही हो सकता है जब टीवीके अद्रमुक व भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाए। टीवीके को तय करना है कि उसे कांग्रेस या भाजपा किस पर भरोसा करना है। मजबूत सरकार बनानी है या कमजोर सरकार बनानी है।

विश्लेषण

# सियासत की अपनी अलग इक ज़ुबाँ है

निर्मल रानी



जनता को सब्ज़ बाग़ दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिये तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ़ बाग़ों में बहार है,जनता ख़ुशहाल है, क़ानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुये उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों ? आप चीख़ते चिल्लाते रहिये कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ़,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिये 2013 में, जब डॉलर के मुक़ाबले रुपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि "रुपये की गिरती क़ीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है"। तब मोदी ने रुपये की कमज़ोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। 'कमज़ोर रुपया = कमज़ोर सरकार' का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रुपये के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुक़ाबले वही रुपया 95.18 तक पहुँच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमज़ोर सरकार का लक्षण है न ही "रुपये की गिरती क़ीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है"। बजाये इसके अक्टूबर 2022 में जब रुपया 1 डॉलर के मुक़ाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क ज़रूर दिया था कि 'भारतीय रुपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमेरिकी डॉलर तेज़ी से मज़बूत हो रहा है'। क्या यह तर्क




2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था ? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के 'कुतर्क रुपी तर्क' देने की 'सलाहियत' थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रूपये के आंकड़े को छूने के क़रीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है ? इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहाँ तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की क़ीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के क़रीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की क़ीमत 414 के क़रीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की क़ीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीज़ल कहीं 100 रूपये के क़रीब तो कहीं 100 रूपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के क़रीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी ख़बरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिये लोग लंबी लंबी क़तारों में खड़े हुये हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हाँ इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया ज़रूर प्रचारित कर देता है कि 'सब कुछ ठीक ठाक है' । इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है 'लाभार्थी वोट बैंक'। प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57% आबादी को मुफ़्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ़्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57% आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिये 5 किलो राशन तक ख़रीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनायें लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाये रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोज़गार के अवसर मांगने के बजाये इसी 5 किलो मुफ़्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज़-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसायी इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हज़ारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दुःख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई,बेरोज़गारी,स्वास्थ्य,शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहाँ जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिये जनता की आधारभूत ज़रूरतें और लोकहितकारी बातें छोड़िये और पाकिस्तान, हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद,घुसपैठिया,लव जिहाद, जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी ज़रुरत स्वीकार कीजिये। शायद इन्हीं हालात के मद्देनज़र मशहूर शायर बशीर बद्र साहब को कहना पड़ा कि "किताबें, रिसाले न अख़बार पढ़ना। मगर दिल को हर रात इक बार पढ़ना।। सियासत की अपनी अलग इक ज़ुबाँ है। लिखा हो जो इक़रार, इनकार पढ़ना।।"

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वर्क प्लेस पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें। करीबी दोस्त या रिश्तेदार आपकी समस्या का समाधान निकालेगा।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना लें। आज किसी भी प्रकार का अनुचित काम आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपको बहुत अधिक लाभदायक रहेगा।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे। आज आपकी रुचि अध्यात्म में रहेगी। कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाए रखेंगे, आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नजर आएंगी। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी से बचना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। बेहतर रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किए जा सकते हैं। आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद विवाद निपटने से घर में सुकून और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों की भावनाओं का भी ख्याल रखेंगे। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना रिश्तों में मधुरता लाएगा। प्रोफेशनल वर्क सिस्टम में कुछ बदलाव हो सकता है।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आएंगे।

राजनीति

# इंडी में बिखराव का खतरा: विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय

ललित गर्ग



भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी अनिवार्य भूमिकाएं हैं। जहां सत्ता नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, वहीं विपक्ष उन नीतियों की समीक्षा, संतुलन और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं ही असंगठित, दिशाहीन और अंतर्विरोधों से ग्रस्त हो जाए, तब लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। हाल के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि विपक्षी एकता का दावा करने वाला गठबंधन अपने भीतर ही गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय और तमिलनाडु में द्रमुक की स्थिति ने विपक्षी खेमे को झकझोरने का काम किया है। यह केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि रणनीतिक विफलता का भी संकेत है और यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि क्या विपक्ष केवल भाजपा-विरोध के आधार पर टिक सकता है या उसे एक ठोस वैचारिक और नीतिगत आधार की भी आवश्यकता है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सत्तापक्ष की नीतियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि एक सजग, विवेकशील और रचनात्मक विपक्ष पर भी उतनी ही आधारित होती है। विपक्ष का मूल दायित्व केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना, नीतियों की खामियों को तथ्यों के आधार पर उजागर करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद एवं समाज के समक्ष रखना है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का संरक्षक होता है। उसे विकास कार्यों में सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना रहे। दुर्भाग्यवश, पिछले दो दशकों में विपक्ष का एक बड़ा वर्ग इस रचनात्मक भूमिका से भटकता दिखाई दिया है, जहां नीतिगत बहसों की जगह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक शोर-शराबा अधिक प्रमुख हो गया है। इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के प्रश्न तक, हर स्तर पर मतभेद सामने आते रहे हैं, जिससे यह स्थिति बनती है कि केवल एक साझा विरोध के आधार पर गठबंधन को स्थायी नहीं बनाया जा सकता। उसने विपक्ष की स्थिति को कमजोर किया। विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका स्वरूप रचनात्मक होना चाहिए था। यदि विपक्ष इस विधेयक में सुधार के सुझाव देता, उसके क्रियान्वयन की समय-सीमा और प्रक्रिया पर सवाल उठाता, तो वह अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बन सकता था, लेकिन सीधे विरोध में खड़ा होना, वह भी बिना स्पष्ट जनसंदेश के यह दर्शाता है कि विपक्ष मुद्दों को समझने और उन्हें सही तरीके से प्रस्तुत करने में चूक कर रहा है। इसका प्रभाव विशेष रूप से महिला मतदाताओं पर पड़ा, जिन्होंने इसे अपने अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा और इसी का राजनीतिक लाभ भाजपा ने अपनी रणनीति के



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी जैसे प्रमुख चेहरों के बीच जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है, वह गठबंधन की आंतरिक स्थिति को और अधिक उजागर करती है। सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे की आलोचना करना न केवल राजनीतिक परिपक्वता की कमी को दर्शाता है, बल्कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा करता है। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने का तरीका और मंच भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि जब गठबंधन के नेता ही एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने लगें, तो यह संदेश जाता है कि गठबंधन केवल नाम का है और वास्तविकता में वह बिखराव की ओर बढ़ रहा है। महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष का रुख भी उसकी रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है। यह विधेयक भारतीय समाज की आधी आबादी से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय था, लेकिन इसका विरोध जिस रूप में सामने आया, माध्यम से उठाया। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी आत्मसमीक्षा और सुधार की क्षमता रही है। हार के बाद भी वह अपने संगठन, नेतृत्व और रणनीति में बदलाव करती है, जिससे वह और अधिक मजबूत होकर सामने आती है। इसके विपरीत, विपक्ष अक्सर अपनी हार के कारणों को बाहरी परिस्थितियों में खोजता है, जिससे वह अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में असफल रहता है। राजनीति में परिपक्वता का अर्थ है हार को स्वीकार करना, उससे सीखना और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाना, लेकिन इस दिशा में विपक्ष को अभी लंबा रास्ता तय करना है।

विपक्षी गठबंधन के भीतर सबसे बड़ा संकट हितों का टकराव है, जहां हर दल अपने क्षेत्रीय आधार को मजबूत करने की कोशिश करता है और इसी प्रक्रिया में वह अपने सहयोगी दलों से भी प्रतिस्पर्धा करने लगता है। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां सहयोग और प्रतिस्पर्धा एक साथ चलते हैं और अंततः यही स्थिति बिखराव को जन्म देती है। जब तक गठबंधन के भीतर स्पष्ट भूमिका निर्धारण, न्यूनतम साझा कार्यक्रम और नेतृत्व की स्वीकृति नहीं होगी, तब तक यह टकराव समाप्त नहीं होगा। विपक्षी दलों की यह नाकामी केवल रणनीतिक कमजोरी नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व की मंशा और प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जब विपक्ष जनहित के मुद्दों को छोड़कर सत्ता प्राप्ति के लिए अवसरवादी गठजोड़, भ्रामक प्रचार और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेता है, तब वह अपनी नैतिक विश्वसनीयता खो देता है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व जनभावनाओं का सच्चा प्रतिनिधित्व करना और सरकार को सही दिशा में प्रेरित करना है, न कि केवल विरोध के लिए विरोध करना। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपने आचरण और दृष्टिकोण में सुधार लाए, सिद्धांतों और मूल्यों पर आधारित राजनीति को पुनर्जीवित करे तथा जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करे। तभी भारतीय लोकतंत्र वास्तविक अर्थों में मजबूत और संतुलित बन सकेगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष स्वयं को पुनर्गठित करे, अपनी वैचारिक स्पष्टता स्थापित करे और जनता के सामने एक सकारात्मक एवं ठोस विकल्प प्रस्तुत करे। केवल विरोध की राजनीति अब पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण और व्यवहारिक समाधान भी आवश्यक हैं। आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक करने के बजाय संवाद के माध्यम से सुलझाना होगा और जनता के बदलते मिजाज को समझते हुए अपनी रणनीति को नया स्वरूप देना होगा। भारतीय राजनीति एक ऐसे दौर में पहुंच चुकी है, जहां मतदाता अधिक सजग और निर्णायक हो चुका है। ऐसे में गठबंधन की राजनीति को केवल संख्या के खेल से आगे बढ़कर विश्वास, समन्वय और स्पष्टता की नींव पर खड़ा होना होगा। बिखराव केवल राजनीतिक शक्ति को ही कमजोर नहीं करता, बल्कि लोकतंत्र के संतुलन को भी प्रभावित करता है। अंततः राजनीति में वही सफल होता है जो समय के साथ सीखता है, बदलता है और स्वयं को बेहतर बनाता है। ''हार को पचाना और उससे सीख लेना'' केवल एक कहावत नहीं, बल्कि सफल राजनीति का मूलमंत्र है, जिसे भाजपा ने बार-बार सिद्ध किया है और अब विपक्ष के सामने भी यही चुनौती है कि वह इस मूलमंत्र को अपनाकर अपने बिखराव को शक्ति में बदल पाए या फिर आंतरिक संघर्षों में उलझकर अपनी प्रासंगिकता खोता जाए।

## सू- दोकू क्र.031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -031


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

## एक नजर

### रेत तस्करों के हौसले बुलंद

**कांकेर, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दैनिक समाचार पत्र में 05 एवं 06 मई को प्रकाशित खबर 'रेत तस्करों के हौसले बुलंद, एनीकट का पानी बहाकर नदी में बनाया अवैध रास्ता' और 'करोड़ो की लागत से बना एनीकट सूखा' को तथ्यात्मक रूप से भ्रामक एवं निराधार बताते हुए जिला खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हाराडुला में सरपंच हाराडुला को महानदी में रेत खदान की स्वीकृति दी गई है। जिसके संचालन से वर्ष 2025-26 में 14 लाख 22 हजार रूपए की खनिज राजस्व को प्राप्त हुई है तथा पट्टा शर्त के उल्लंघन पर 62 हजार 500 रूपए का अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा 05 मई को मौका जांच में रेत खदान हाराडुला से रेत उत्खनन एवं परिवहन बंद पाया गया तथा एनीकट में जलभराव होने के कारण रैम्प डुबा हुआ था। एनीकट के आसपास रेत का उत्खनन या परिवहन नहीं पाया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि हाराडुला क्षेत्र में अवैध कारोबार पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए अवैध भंडारण एवं परिवहन के 06 प्रकरण दर्ज किए गए हैं तथा 01 लाख 66 हजार 200 रूपए समझौता राशि भी वसूल की गई है। हाराडुला रेत खदान के संबंध में सरपंच ग्राम पंचायत हाराडुला को खदान संचालन में सभी नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्र की निरंतर निगरानी एवं जांच की जा रही है। खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि चारामा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों को 12 रेत खदान बासनवाही, अरौद, भिरौद-2, करिहा, किलेपार, भिलाई, तांसी-2, तांसी-3, तेलगुड़ा, माहूद, हाराडुला एवं भरीटोला में स्वीकृत है तथा 11 व्यक्तियों को रेत का अस्थायी भंडारण अनुज्ञा बाबूकोहका, पिपरौद, बासनवाही, सराधुनवागांव, किलेपार, कर्राजैसा, करैहा, अरौद, करिहा, माहूद में स्वीकृत किया गया है एवं संचालित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में स्वीकृत रेत खदानों में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालनकर्ता पर 08 लाख 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी आरोपित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा चारामा क्षेत्र में संचालित रेत खदानों के संबंध में सरपंचों को नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए खदान संचालन करने के लिए निर्देशित किया गया है। खनिज विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से 04 पीड़ित परिवारों हेतु चार-चार लाख रूपए के मान से कुल 16 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत जगदलपुर के गंगानगर निवासी 15 वर्षीय महजबीन बेग की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पिता ईस्माइल बेग को सहायता राशि दी गई है। इसी प्रकार, मगडू कचोरा के निवासी राजेश यादव की तालाब में डूबने से हुई आकस्मिक मृत्यु पर उनकी पत्नी पूर्णिमा यादव को राहत राशि प्रदान की गई है। नदी में डूबने की एक अन्य दुखद घटना में जान गंवाने वाली किरण देवांगन के मामले में उनकी बहन बिन्दा देवांगन को पात्र वारिस मानते हुए सहायता स्वीकृत की गई है। बुरूंदवाड़ा सेमरा के निवासी दयाराम की डबरी में डूबने से हुई मृत्यु के बाद उनकी पत्नी राजो को वित्तीय सहायता दी गई है।

### बस्तर में तकनीक और हौसले से बदली तुलसा बघेल ने अपनी किस्मत

**जगदलपुर, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के कलचा गांव की रहने वाली तुलसा बघेल आज ग्रामीण सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिख रही हैं। कभी पारंपरिक खेती और संसाधनों के अभाव में गुजर-बसर करने वाली तुलसा ने तकनीकी सुधारों को अपनाकर न केवल अपनी किस्मत बदली है, बल्कि अपनी आधा एकड़ जमीन को भी आय का मुख्य स्रोत बना दिया है। उनके जीवन में बदलाव की यह कहानी साल 2020 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू हुई, जहां से उन्होंने आत्मविश्वास और तकनीक की पहली सीख ली। शुरुआती दिनों में जानकारी के अभाव और सिंचाई की सुविधा न होने के कारण तुलसा केवल वर्षा आधारित खेती ही कर पाती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सबसे पहले मात्र 7 हजार रुपए का छोटा कर्ज लेकर बाड़ी विकास की दिशा में कदम बढ़ाया। कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उन्होंने मचान विधि और लाइन कतार पद्धति जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया।

# पीजी कॉलेज जगदलपुर में 14 मई को 269 परीक्षार्थी देंगे पीईटी


तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जाने वाली पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए जगदलपुर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 269 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। आगामी गुरुवार 14 मई को होने वाली इस परीक्षा में इन 269 विद्यार्थियों के भविष्य का फैसला सुबह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे के सत्र में होगा। धरमपुरा स्थित इस केंद्र पर परीक्षार्थियों की इस संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा बैठक व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी छात्र बिना किसी असुविधा के अपनी परीक्षा संपन्न कर सकें। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को समय का विशेष ध्यान रखना होगा, क्योंकि निर्धारित संख्या में पहुँच रहे इन परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से गहन जाँच की जाएगी, जिसके लिए उन्हें परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले केंद्र पर उपस्थित होना होगा। प्रवेश के दौरान वीक्षकों द्वारा इंटरनेट से प्राप्त मूल प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का मिलान किया जाएगा। यदि किसी परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में फोटो संबंधी कोई त्रुटि है, तो उसे अनिवार्य रूप से अपनी दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ रखनी होगी। सभी परीक्षार्थियों के लिए सख्त ड्रेस कोड और नियमों का पालन अनिवार्य किया गया है। परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट और चप्पल पहनकर ही परीक्षा हॉल में बैठ सकेंगे। घड़ी, मोबाइल, जूते-मोजे, बेल्ट और किसी भी तरह के आभूषण जैसे बाली या झुमके पहनकर आने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सहायक समन्वयक डॉ. अजय सिंह ठाकुर के साथ मिलकर इस केंद्र पर परीक्षा का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे।

# आर्सेलर मित्तल की कैमिकलयुक्त लाल मिट्टी से लाल हुआ दंतेवाड़ा

- कई अनफिट वाहनों से लाल मिट्टी का कराया जा रहा परिवहन
- बचेली -किरंदुल-पालनार सड़क पर आवगमन करने वाले शिक्षक, ग्रामीण राहगीरों और वाहन चालक रोज़ अपनी जान की बाजी लगाकर इस मार्ग से आवाजाही करतें हैं।
- मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ति, क्षमता से अधिक वजन लेकर दौड़ रहे वाहनों से सड़क और पुल फिर हुए जर्जर
- धूल से बचाने के लिए पानी छिड़काव भी बना हादसों की वजह, दो पहिया वाहन चालक आए दिन होते हैं हादसे के शिकार



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता/ विश्वजीत सरकार

**दंतेवाड़ा 7 मई।** जिले के बैलाडीला से पालनार जाने वाली सड़क इन दिनों गंभीर समस्या का केंद्र बन चुकी है। आर्सेलर मित्तल कंपनी द्वारा लाल मिट्टी के परिवहन के कारण पूरी सड़क लाल रंग में तब्दील हो गई है। पेरपा चौक से लेकर कोडेनर पंचायत के पेट्रोल पंप तक सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। इस मार्ग पर रोज़ाना सैकड़ों भारी वाहन लाल मिट्टी लेकर दौड़ते हैं, जिससे सड़क जर्जर होती जा रही है। उड़ती लाल धूल से दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को भी भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। धूल के गुबार के बीच चलना जोखिम भरा हो गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है।

हालांकि कंपनी द्वारा धूल को नियंत्रित करने के लिए टैंकर के माध्यम से रोजाना हजारों लीटर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन इससे समस्या और बढ़ती नजर आ रही है। गीली और फिसलन भरी सड़क पर दुपहिया वाहन चालक आये दिन दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं। स्थिति इतनी खराब है कि जिस सड़क का उपयोग भारी वाहन कर रहे हैं, वहां का पुल भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। कुछ महीने पहले ही मरम्मत कराई गई थी, लेकिन अब फिर से उसकी हालत खराब हो गई है। पुल के किनारे लगे वन डिवाइडर को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे इस नुकसान के बावजूद न तो सड़क की सही मरम्मत हो रही है और न ही स्थायी समाधान निकाला जा रहा है। ऐसे में आने वाले समय में कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# मत्स्य विभाग के निरीक्षक कांकेर सांसद को बिना जवाब दिए चले गए



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,7 मई।** जिले के सांसद भोजराज नाग के गुस्से का शिकार बने मत्स्य विभाग के निरीक्षक ने किसानों के सामने जलील किए जाने पर बिना कोई जवाब दिए माइक छोड़कर निकल लिए, लेकिन इससे कांकेर सांसद भोजराज नाग का पारा और चढ़ गया। दरअसल, कांकेर जिले के ग्राम दसपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के दौरान कांकेर सांसद भोजराज नाग किसानों से बातचीत कर रहे थे, और उन्होंने सरकारी योजनाओं के लाभ को लेकर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग के निरीक्षक से पूछा कि क्या किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। निरीक्षक इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए, जिस पर सांसद नाराज़ हो गए। सांसद ने मंच से ही माइक के माध्यम से निरीक्षक को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, और आपको इसकी जानकारी तक नहीं है, यह गंभीर लापरवाही है। किसान दर-दर भटकने को मजबूर है। सांसद की फटकार के बाद मत्स्य विभाग के निरीक्षक कार्यक्रम स्थल से माइक छोड़कर बिना जवाब दिए ही चले गए, जिससे सांसद और अधिक नाराज़ हो गए।

# वित्त मंत्री ने किया तर्रेम में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा का किया वर्चुअल उद्घाटन



**बीजापुर, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के उसूर विकासखंड अंतर्गत तर्रेम ग्राम में आज बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ऑनलाइन जुड़कर बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार की प्राथमिकता है। तर्रेम में बैंक शाखा खुलने से स्थानीय लोगों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने क्षेत्र में ही आसानी से सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ भी सीधे और पारदर्शी रूप से हितग्राहियों तक पहुंचेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र में बैंक शाखा खुलने पर खुशी जताई और इसे अपने लिए बड़ी सुविधा बताया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

### अवैध रेत का परिवहन कर रहे 7 ट्रैक्टर जब्त

**दंतेवाड़ा, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन व खनन विभाग की टीम ने आज बुधवार को सुनियोजित अभियान चलाते हुए भैरमबंद-मांझीपदर इलाके में दबिश देकर अवैध रेत का परिवहन कर रहे 7 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालकों से रेत परिवहन से जुड़े जरूरी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके। इसके चलते सभी वाहनों को जब्त कर जिला मुख्यालय लाया गया है।

# सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र की मौत



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 मई।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र दिव्य नारायण तीन दिन पहले नगरनार में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। वहीं, साथ में बैठी एक अन्य छात्रा को भी गंभीर चोट आई थी। घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकॉज लाया गया था। जहां डॉक्टरों की टीम ने दिव्य नारायण को बचाने की हर संभव प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत लगातार गंभीर बनी रही। अंततः आज बुधवार तड़के उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, हादसे में घायल छात्रा का इलाज अभी भी जारी है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के कुछ छात्र रविवार की सुबह घूमने के लिए तिरिया गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान छात्र दिव्य नारायण की बईक का नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक नगरनार मार्ग में सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी। जबकि छात्र दिव्य नारायण ट्रक से टकरा गया, इस घटना में उसे गंभीर चोट आई। जिसे उपचार के लिए साथ गए छात्रों ने एंबुलेंस के माध्यम से मेकॉज में भर्ती कराया। इस घटना में छात्र दिव्य नारायण के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। अन्य साथियों ने एम्बुलेंस की मदद से पहले घायलों को महारानी अस्पताल ले गए। उसके बाद सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लाया गया। छात्र को देर रात मेकॉज में भर्ती किया गया। तीन दिनों तक चले उपचार के बाद छात्र दिव्य नारायण ने दम तोड़ दिया। मृतक छात्र राजनांदगांव का बताया जा रहा है। वहीं, 6 माह पहले ही उसने यहां पर एडमिशन लिया था।

# वित्त मंत्री चौधरी ने 1,269 करोड़ की लागत से बन रही मटनार बैराज परियोजना का किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 7 मई।** बस्तर जिले के विकासखंड लोहंडीगुड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मटनार के आश्रित ग्राम मेदरी में निर्माणाधीन मटनार बैराज सह उद्वहन बहुउद्देशीय परियोजना का आज बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने निरीक्षण किया। यह परियोजना इंद्रावती नदी पर लगभग 1,269 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने परियोजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए, कार्य में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना बस्तर अंचल के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में सुधार आएगा। साथ ही इस परियोजना से 21 मेगावाट बिजली उत्पादन भी किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को भी बल मिलेगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सतत प्रयासरत है, और इस तरह की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

# सुशासन तिहार में शासन की योजनाओं के जानकारी देने जन-मन पत्रिका का वितरण




**बीजापुर, 7 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम पंचायत ईटपाल में आज बुधवार को आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित 'जन-मन' पत्रिका का वितरण किया गया। इस पत्रिका के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं, की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने पत्रिका को उत्साहपूर्वक ग्रहण किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति अपनी रुचि दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। सुशासन तिहार के तहत आयोजित इस गतिविधि ने ग्रामीणों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शासन व जनता के बीच संवाद को मजबूत किया।

# दिवंगत पुलिस जवान की पत्नी को मिली एक करोड़ की बीमा राशि

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 7 मई ।** जिले में तैनात आरक्षक भगतराम अट्टामी का 11 जनवरी 2026 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद दंतेवाड़ा एसपी ने मामले की गंभीरता को लेते हुए आरक्षक की पत्नी को मुआवजा दिलाने के लिए प्रयास किये। जिसके परिणाम स्वरूप 4 माह के बाद बैंक कर्मचारियों ने दंतेवाड़ा एसपी की मौजूदगी में आरक्षक की पत्नी को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया।

जिला दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर में पदस्थ आरक्षक भगतराम अट्टामी का 11 जनवरी 2026 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दुःखद निधन हो गया था। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश में पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत आर्थिक सहायता की के रूप से पूरे दस्तावेज को जल्द से जल्द पूरा करने निर्देश दिये थे। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मामले का जल्द निराकरण करते हुए दिवंगत आरक्षक स्व. भगतराम अट्टामी की पत्नी मिट्को अट्टामी को 1 करोड़ की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं एसबीआई शाखा प्रबंधक राहुल अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से बीमा सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस राशि पुलिस कर्मियों हेतु बैंक द्वारा संचालित पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत प्रदान की गई है। बीमा सहायता राशि प्राप्त करने के बाद दिवंगत जवान के परिजनों ने बैंक अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस दुःखद घड़ी में बैंक एवं पुलिस विभाग द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### जनगणना-27 की निगरानी व त्वरित समाधान लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जगदलपुर,7 मई ।** जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा के द्वारा जिले में जनगणना कार्यों की सघन निगरानी और इस दौरान उत्पन्न होने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। उक्त कंट्रोल रूम हेतु पृथक-पृथक प्रभारी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को निर्बाध रूप से संपन्न करने के लिए प्रशासन ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन्स की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की कमान जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्री सुरेश सिंह को सौंपी गई है, जबकि जगदलपुर नगर निगम सहित ग्रामीण अंचलों के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों जैसे दरभा, तोकापाल, नानगुर, बास्तानार और लोहण्डीगुड़ा में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए नायब तहसीलदारों और राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है, ताकि प्रत्येक चार्ज क्षेत्र में जनगणना का कार्य शुद्धता और पारदर्शिता के साथ पूरा हो सके। इस आदेश के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी न केवल डेटा संकलन की निगरानी करेंगे, बल्कि आम जनता और फील्ड स्टाफके बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। जिला प्रशासन ने प्रत्येक प्रभारी अधिकारी और सहायक कर्मचारियों के संपर्क नंबर भी सार्वजनिक किए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति या तकनीकी समस्या की स्थिति में तत्काल संपर्क साधा जा सके।

# 15 मिनट की बारिश में धसक गई डेढ़ करोड़ की नाली

## खरसिया नगर पालिका में भ्रष्टाचार की चरम सीमा पार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,7 मई।** खरसिया नगरपालिका और भ्रष्टाचार का चोलीदामन का साथ है। अब डेढ़ करोड़ की लागत से बन रही नाली का घटिया निर्माण सामने आया है। महज 15 मिनट की बारिश में नाली ढह गई है। स्थानीय लोगों ने जांच करते हुए ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की है। वर्ष 2024 में खरसिया नगरपालिका क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण नालियों के निर्माण की मंजूरी दी गई थी। बस स्टैण्ड से बंधवा ताला तक नाला निर्माण के लिए 1.52 करोड़ और राठौर चौक से महात्मा गांधी चौक तक नाला निर्माण के लिए 1.33 करोड़ की मंजूरी दी गई थी। वर्तमान में इसका काम चल रहा है। इसका ठेका संतोष एंड सन्स को मिला है। मंगलवार को थोड़ी देर की बारिश में नाली ढह गई। करीब 200 मीटर नाली की दीवार धसक गई है। इसमें सरिया मानकों के अनुसार नहीं डाला गया था। इसके बिना ही नाला का निर्माण कर लिया गया इसलिए नहीं टिक सकी। जब थोड़ी सी बारिश में यह हाल है तो फिर मूसलाधार बरसात में इसका क्या हाल होता।कांग्रेस नेता सोनू अग्रवाल पूर्व पार्षद महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं युवा नेता राजेश्वर राठौर ने नाली निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। गुणवत्ताहीन निर्माण करने वाले ठेकेदार और प्रमाणित करने वाले सब इंजीनियर पर भी सवाल उठ रहे हैं। घटिया काम करने के बावजूद नगरपालिका से भुगतान किया जाता रहा। 23 फरवरी 2026 को मोहल्लेवासियों ने नाला निर्माण में भ्रष्टाचार की स्थिति को लेकर शिकायत की थी। इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई उल्टा ठेकेदार को भुगतान किया गया। थोड़ी सी बारिश में नाली का धसक जाना गुणवत्ताहीन निर्माण का प्रमाणित करता है। संतोष एंड सन्स कंपनी को संरक्षण देने पर भी सवाल उठ रहे हैं।खरसिया नगर पालिका में हमेशा ही गुणवत्ताहीन काम और मनमानी चरम पर रहे है। नियम विरुद्ध कार्य करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इस पर प्रशासन का ध्यान नहीं है। विकास कार्यों के लिए मिली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। तकनीकी रूप से नाला की दीवार में सरिया लगाने के लिए दूरी फिक्स है। इसका पालन नहीं किया गया। अब देखना यह है की इस कारनामे पर क्या कार्यवाही की जाती है।

## समाचार संक्षेप

### उभयलिंगी समुदाय के सशक्तिकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 मई ।** उभयलिंगी व्यक्तियों को राष्ट्रीय उभयलिंगी पहचान प्रमाण-पत्र जारी करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा गत दिवस एक दिवसीय शिविर का आयोजन कि.शा.जिला चिकित्सालय रायगढ़ में किया गया, जिसमें उभयलिंगी समुदाय के व्यक्ति उपस्थित हुए। शिविर में विशेषकर ऐसे व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था जिनका उभयलिंगी पहचान पत्र नहीं बना है। शिविर के दौरान संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त किए गए और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

शिविर में अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री कमल किशोर सिंह और वित्तीय साक्षरता सलाहकार श्री राजकुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत और उसके महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग, मोबाइल लेनदेन, पासवर्ड की गोपनीयता, क्यूआर कोड और यूपीआई के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी साझा की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की काउंसलर श्रीमती कांति तिवारी, रामदुलारी नायक, पुष्पा पटेल एवं प्रीति पटेल भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### कोटपा अधिनियम के तहत 20 फर्मों का चालान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 मई ।** सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अभियान के तहत आज जूटमिल रायगढ़ और किरोड़ीमल नगर क्षेत्र में विशेष रूप से जांच की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा अधिनियम) के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए 20 फर्मों पर कुल 3490 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही आम नागरिकों और व्यापारियों को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव एवं कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 11 मई तक संचालित किया जाएगा।

### सुशासन तिहार-दिव्यांग नेहा को मौके पर ही मिली ब्लाइंड स्टिक, चलने में होगी सहूलियत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 7 मई ।** संवाद से समाधान थीम पर आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के ग्राम झगरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रशासन की तत्परता का सकारात्मक उदाहरण देखने को मिला। शिविर में दिव्यांग बालिका नेहा अपनी माता हेमंती कुम्हार के साथ समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर पहुंची और चलने में हो रही परेशानी बताते हुए ब्लाइंड स्टिक के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही विभागीय अमले ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर ही उसका निराकरण किया और नेहा को तत्काल ब्लाइंड स्टिक उपलब्ध करा दी। ब्लाइंड स्टिक मिलने से अब नेहा को चलने में सहूलियत होगी, जिससे वह अपने दैनिक कार्य आसानी से कर सकेगी। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के तहत जिले भर में शिविर आयोजित कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया जा रहा है तथा उनकी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम झगरपुर में आयोजित यह शिविर भी इसी दिशा में प्रभावी पहल के रूप में सामने आया, जहां विभिन्न विभागों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।

### सुशासन तिहार- झगरपुर शिविर में महिला समूहों के उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

**रायगढ़, 7 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के ग्राम झगरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह महिलाओं की आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी मंच बनकर उभरा। शिविर में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे, जहां स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। आस्था स्व-सहायता समूह भेड़ीमुड़ा द्वारा तैयार आम का अचार, ज्योति स्व-सहायता समूह द्वारा मिक्चर तथा सलोनी एवं रोशनी स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत रेगड़ी द्वारा हल्दी, शुद्ध घी एवं बांस की टोकरी जैसे उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। इन उत्पादों की गुणवत्ता और स्थानीय पहचान ने लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया, जिससे महिला समूहों को आय अर्जन का सशक्त माध्यम प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान आजीविका गतिविधियों से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सम्मान पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं को महतारी वंदन योजना, बिहान योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है।

## एक नजर

### आदिवासी किसान रैनु राम को मिला भूमि अधिकार, खुशियों से खिला चेहरा

**मोहला, 7 मई ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। इसी कड़ी में विकासखंड मानपुर के अंतर्गत ग्राम साल्हेभट्टी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम सेण्डेवाही के आदिवासी किसान श्री रैनु राम, जो वर्षों से अपनी भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज़ के अभाव में कई प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहे थे, उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत उन्हें भूमि का पट्टा पत्रक प्रदान किया गया। पट्टा मिलने के बाद श्री रैनु राम के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब उन्हें अपनी जमीन का कानूनी अधिकार मिल गया है, जिससे वे न केवल निश्चिंत होकर खेती कर सकेंगे बल्कि भविष्य में शासकीय योजनाओं का भी पूरा लाभ उठा पाएंगे।उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा सुशासन तिहार हमारे जैसे ग्रामीण और आदिवासी किसानों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं हैं। पहले हमें छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब अधिकारी स्वयं गांव में आकर हमारी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इससे हमें समय, श्रम और धन–तीनों की बचत हो रही है। सुशासन तिहार 2026 वास्तव में शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है, जो आम नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस पहल ने प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया है, और यह विश्वास ही एक सशक्त एवं विकसित समाज की नींव है।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं को मिला 6-6 लाख का आर्थिक संबल

**मोहला 7 मई ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रहा है। विकासखंड मानपुर के अंतर्गत ग्राम साल्हेभट्टी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर इसका जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जहां एनआरएलएम बिहान योजना के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं को बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया।इस शिविर में ग्राम जामड़ी की पदम वैष्णव देवी स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं को सामूहिक मक्का खेती के लिए 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। समूह की सभी महिलाएं मध्यमवर्गीय किसान परिवारों से जुड़ी हैं और लंबे समय से खेती-किसानी में संलग्न रही हैं। अब इस आर्थिक सहयोग से वे संगठित होकर आधुनिक तरीके से सामूहिक मक्का उत्पादन करेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बन सकेंगी। इसी प्रकार ग्राम औंधी की संत मरियम स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं को भी 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह महिलाएं होटल व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रही हैं। वर्तमान में ये महिलाएं स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्य से जुड़ी हुई हैं, लेकिन अब इस ऋण सहायता से वे अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आय के नए स्रोत विकसित करेंगी। दोनों समूहों की महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्साह साफ झलक रहा था। उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार उनके जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आया है।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत तेंदुकोना में 14 दुकानों का चालान

**महासमुंद, 7 मई ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में विकासखंड बागबाहरा के तेंदुकोना क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत चालानी कार्यवाही की गई। कार्रवाई डीपीएम श्रीमती नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया।

कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक श्री अवधेश भारद्वाज द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले दुकानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, धारा 06 (अ) के तहत नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद की बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध तथा धारा 06 (ब) के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के भीतर तंबाकू उत्पाद बिक्री प्रतिबंध का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 14 चालान काटे गए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने कहा कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है।

# पहाड़ी कोरवा बस्ती में पहुंचा प्रशासन, विकास की राह पर बढ़ा ढोरोंआमा



**रायगढ़, 7 मई।** सुशासन तिहार के तहत जिला प्रशासन ने दूरस्थ और विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों तक सीधी पहुंच बनाते हुए लैलूंगा विकासखंड के ग्राम ढोरोंआमा (तिलाईदरता) में पहाड़ी कोरवा बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ के डीएफओ के साथ बस्ती में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं व मांगों को गंभीरता से सुना।

निरीक्षण के दौरान पहाड़ी कोरवा समुदाय ने डब्लूबीएम सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, तालाब गहरीकरण एवं पचरी निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी। साथ ही राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और ई-केवाईसी जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए शिविर आयोजित करने की आवश्यकता बताई।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सभी मांगों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य ही यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी पात्र हितग्राही को सुविधा के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण एवं अद्यतन के लिए विशेष कैंप लगाकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। इस पहल से अब ढोरोंआमा बस्ती में आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। सड़क और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं जहां क्षेत्र के विकास को गति देंगी, वहीं तालाब गहरीकरण से जल संरक्षण और ग्रामीणों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

दौरे के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत, एसडीएम श्री भरत कौशिक, जनपद पंचायत सीईओ प्रीति नायडू, एसडीओ आरईएस श्री हेम सिंह राठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 घर-घर पहुंचकर किया जा रहा मकान सूचीकरण सर्वे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 मई ।** शासन के निर्देशानुसार जनगणना-2027 का प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण जिले में 01 मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस चरण के अंतर्गत जिले के 17 चार्ज क्षेत्रों एवं नगर निगम रायगढ़ में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से सर्वेक्षण किया जा रहा है। ÷हमारी जनगणना, हमारा विकास÷ की थीम के साथ संचालित इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रगणक दल प्रत्येक घर तक पहुंचकर एचएलओ एप के माध्यम से डेटा संकलित कर रहे हैं। सर्वे के दौरान कुल 34 प्रश्नों के आधार पर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं तथा अन्य मूलभूत जानकारियां एकत्रित की जा रही हैं।

कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि सर्वेक्षण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो सके। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणक दलों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इसके साथ ही सभी रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं हाउसिंग सोसायटियों से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है। उनसे आग्रह किया गया है कि वे व्हाट्सएप ग्रुप एवं नोटिस बोर्ड के माध्यम से निवासियों को पूर्व सूचना दें तथा तालाबंद मकानों की जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें। सोसायटी प्रतिनिधि एवं सुरक्षा गार्डों से भी प्रगणकों को आवश्यक सहयोग देने का अनुरोध किया गया है, ताकि मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

### खनिज विभाग ने रेत एवं फर्शी पत्थर का अवैध परिवहन करते 3 हाईवा जब्त किए

**महासमुंद, 7 मई ।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन पर सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मुड़ियाडीह रेत खदान से रेत का अवैध परिवहन करते हुए 2 हाईवा को जप्त कर तुमगांव पुलिस के अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह खनिज फर्शी पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक हाईवा को जप्त कर तुमगांव थाना के अभिरक्षा में रखा गया है।जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि सभी खनिजों का परिवहन वैध अभिवहन पास से किया जाना है। किसी भी तरह के अवैध परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए आवेदन 16 मई तक

**धमतरी,7 मई ।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में कक्षा ग्यारहवीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आगामी 16 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के प्राचार्य

# सेवानिवृत्ति पर यशोदा मेश्राम को दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 7 मई।** संकुल केंद्र मोहला में समारोह आयोजित कर कन्या प्राथमिक शाला मोहला की प्रधान पाठक श्रीमती यशोदा मेश्राम को सेवानिवृत होने पर संकुल केंद्र मोहला के शिक्षकों द्वारा विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। संकुल समन्वयक आशीष वर्मा, मलेश मालेकर एवं भारती ठाकरे ने उनका संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने कन्या प्राथमिक शाला मोहला में सहायक शिक्षक के रूप में अपनी सेवा आरंभ कर इसी शाला में प्रधान पाठक हुई और इसी शाला से ही सफलतापूर्वक 44 वर्ष सेवा प्रदान कर सेवानिवृत हुई। उद्बोधन के क्रम में श्रीमती ऊषा पेंद्रे प्राचार्य शास.कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय मोहला एवं गीता ठाकुर व्याख्याता, सरिता दामले प्रधान पाठक, शीतल कौर रूबी वर्मा वेदप्रकाश भूआर्य प्रियंका साहू ने कहा कि सेवानिवृत यशोदा मेश्राम मैडम अपने कार्य के प्रति पूर्ण समर्पित रही उन्होंने अपने सेवाकाल में शिक्षकीय,प्रशासनिक दायित्वों का सफल निर्वहन तो किया ही है साथ ही वे हमारे लिए एक मार्गदर्शक और अभिभावक की भूमिका भी निभाते रहीं हैं। उनकी सादगी,समयबद्धता व ईमानदारी ने शाला के वातावरण को अनुशासित और प्रेरणादायी बनाया। शाला के साथी शिक्षकों ने कहा कि उनकी कार्यशैली हमें नवाचार व रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। संकुल परिवार ने सेवानिवृत होने पर शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह, उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अंत में श्रीमती यशोदा मेश्राम ने अपने विदाई समारोह में विचार व्यक्त करते हुए अनुभव साझा किया, उन्होंने कहा कि शिक्षकीय सेवा ही ऐसा कार्य है जिसमें जीवनपर्यंत आदर और सम्मान प्राप्त होता है। आप सबकी स्मृति जीवनभर मेरे साथ रहेगी, सेवाकाल दौरान मिले सहयोग व मार्गदर्शन के लिए सभी पालकों, शिक्षकों,शिक्षाधिकारियों का धन्यवाद दिया,सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित करने के लिए संकुल परिवार का आभार व्यक्त किया। शाला को एक आलमारी भेंट की। कार्यक्रम का संचालन संतोष नेताम ने किया। कार्यक्रम में मनोज देवांगन, राजू चौरे हेमलता रावटे किरणबाला लाटीयां, सबिया कुरैशी अनिता चौरे पार्वती राणा पुष्पलता बुआरे हिरौंदा रावटे अहिल्या जुरेशिया अंजना साहू राजकुमारी सोनवानी सपना तिग्गा सुनैना भारद्वाज आदि शिक्षकगण एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ग्राम साल्हेभट्टी में प्रशासन ने जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया

**मोहला,7 मई ।** सुशासन तिहार 2026 के तहत शासन की जनहितकारी पहल अब गांव-गांव तक असर दिखा रही है। इसी कड़ी में 6 मई को मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत साल्हेभट्टी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर त्वरित समाधान का सशक्त मंच बनकर उभरा, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निराकरण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। शिविर में आसपास के 15 ग्राम पंचायतों साल्हेभट्टी, औंधी, बागडोगरी, बोड़ेगांव, नवागांव, गड़डोमी, पेंदोड़ी, सरखेड़ा, मोरचुल, जामड़ी, सीतागांव, हलांजूर, मदनवाड़ा कारेकट्टा, हुरेली से बड़ी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुशासन तिहार आमजन और प्रशासन के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बन रहा है, जिससे लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान अब उनके ही द्वार पर मिल रहा है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 15 गांवों के लोगों की समस्याओं का निराकरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 7 मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संवाद से समाधान थीम पर सुशासन तिहार के तहत जिले के सुदूर वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य लैलूंगा विकासखंड के ग्राम झगरपुर में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 ग्राम पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं का एक ही मंच पर त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए और विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में सभी ग्राम पंचायतों के आवेदन प्राप्त करने हेतु अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे, जहां संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आवेदनों का पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित कर रहे थे। खाद्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, विद्युत, मछली पालन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर में मौजूद रहे और आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अभियान के तहत गुरुवार 7 मई को पुसौर विकासखण्ड के ग्राम औरदा के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पीएम आवास योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी, 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स एवं मत्स्य जाल, 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड तथा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किए गए। इसके साथ ही फलदार पौधे, श्रम कार्ड आदि का वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार खीर खिलाकर संपन्न कराया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी सीधे ग्रामीणों के बीच उपस्थित हैं। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर का कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, एसडीएम श्री भरत कौशिक सहित प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में पेयजल, छाया, भोजन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## एक नजर

### नाबालिग अपहृता को 24 घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी गिरफ्तार




**राजनांदगांव 7 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थिया द्वारा दिनांक 04.05.2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान दर्ज कर अपराध क्रमांक 197/2026 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। फुटेज में अपहृता एवं आरोपी सुजीत अधिकारी को मोटरसाइकिल से जाते हुए संदिग्ध अवस्था में देखा गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम द्वारा लगातार पीछा करते हुए थाना सोनकच्छ, जिला देवास (म.प्र.) पुलिस के सहयोग से अपहृता एवं आरोपी को बरामद किया गया। अपहृता के कथन अनुसार आरोपी द्वारा उसे बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल से रायपुर ले जाया गया तथा वहां से बस द्वारा मध्यप्रदेश ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उक्त कृत्य के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 65(1) भारतीय न्याय संहिता एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### ममता अवस्थी बनी छत्तीसगढ़ अखंड ब्राह्मण समाज की जिला अध्यक्ष

**राजनांदगांव , 7 मई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की दुर्ग इकाई ने नगर के अवस्थी परिवार की बहु एवं अधिवक्ता संजीव



अवस्थी की पत्नी श्रीमती ममता अवस्थी को राजनांदगांव जिला नारी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष घोषित किया है । समाज की दुर्ग इकाई ने श्रीमती संगीता मिश्रा को शहर अध्यक्ष , श्रीमती मोहिनी शुक्ला को उपाध्यक्ष श्रीमती निधि बाजपेई को जिला सचिव श्रीमती बिंदु तिवारी को सह -सचिव का पदभार सौंपा है । संगठन में श्रीमती मनीषा शर्मा कोषाध्यक्ष , श्रीमती प्रतिभा मिश्रा को संगठन सचिव बनाया गया है । उक्त सारी नियुक्तियां छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती भारती किरण शर्मा की स्वीकृति तथा निशा तिवारी प्रदेशाध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ की अनुशंसा पर राजनांदगांव जिले हेतु की गई हैं । संगठन में श्रीमती वंदना आलोक तिवारी को प्रदेश महासचिव , श्रीमती मंजू मिश्रा , श्रीमती प्रभा शुक्ला , श्रीमती शारदा तिवारी को जिला संरक्षक नारी प्रकोष्ठ एवं श्रीमती माया शर्मा को जिला संयोजक बनाया गया है ।

### महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री पर 50% शुल्क छूट

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके नाम पर कराए जा रहे भूमि रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत की कमी करने का फैसला लिया है। माननीय मुख्यमंत्री जी श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में माननीय पंजीयन मंत्री श्री ओ पी चौधरी की पहल पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया .मंत्रिपरिषद द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दिये जाने के उपरान्त अधिसूचना प्रकाशन से यह छूट प्रभावशील हो गई है।

### निधन

#### नेहा शुक्ला

**सिमगा 7 मई।** दोंदे खुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी



निवासी नेहा शुक्ला पति आशीष शुक्ला (46) का 5 मई की देर रात को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 6 मई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वो पद्मा ओझा की पुत्री एवं संजीव, वरुण झा की बहन थी।

# केरेगांव में नेटवर्क संकट: डिजिटल योजनाओं पर ब्रेक, ग्रामीण परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 7 मई।** धमतरी नगरी मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत केरेगांव आज भी गंभीर नेटवर्क समस्या से जूझ रहा है। मोबाइल नेटवर्क की कमजोर स्थिति के कारण यहां के ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत केरेगांव के सरपंच अकबर मंडावी ने बताया कि वर्तमान समय में शासन की अधिकांश योजनाएं पूरी तरह डिजिटल हो चुकी हैं। राशन वितरण, महतारी वंदन योजना, पेंशन, आधार सत्यापन सहित कई जरूरी सेवाएं ऑनलाइन प्रक्रिया पर निर्भर हैं। लेकिन गांव में नेटवर्क की स्थिति इतनी खराब है कि लोग घंटों तक सिग्नल के इंतजार में इधर-उधर भटकते रहते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन लेने के लिए उन्हें कई बार दुकान पर चक्कर लगाने पड़ते हैं, क्योंकि नेटवर्क न होने से मशीनें काम नहीं करतीं। इसी तरह अन्य योजनाओं में भी सत्यापन और ऑनलाइन एंट्री के अभाव में लाभ मिलने में देरी हो रही है। इससे खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और मजदूर वर्ग को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। सरपंच मंडावी ने आगे कहा कि गांव मुख्य सड़क पर होने के बावजूद नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है, जो बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि केरेगांव में जल्द से जल्द नया मोबाइल टावर स्थापित कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का सुचारू लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र पहल की अपील करते हुए कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। फिलहाल गांव के लोग बेहतर नेटवर्क की आस में प्रशासन की ओर देख रहे हैं।

### 8 मई को वार्ड नं. 7,9 व 10 के लिए शंकरपुर स्कूल में शिविर

# महापौर चिखली में आयोजित शिविर में पहुँच स्टाल का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 मई।** जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओ का लाभ देने तथा जनता से सीधे संवाद करने छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार 2026 के तहत वार्डो के लिए स्कूलो में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। आज दूसरे दिन वार्ड नं. 4,5 व 6 के लिए चिखली स्कूल में आयोजित शिविर में महापौर की मधुसूदन यादव उपस्थित होकर वार्डवासियो से रूबरू हो अपनी समस्या संबंधी आवेदन जमा कर शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील किए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का प्रमुख उद्देश्य नागरिको के क्षेत्र पहुँच उनकी समस्या का निराकरण करना एवं उन्हे शासन की जन कल्याणकारी योजना का लाभ देना है। उन्होंने शिविर के अधिकारियो से कहा कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता तय कर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करे, ताकि जनता की समस्या का समाधान हो सके।

महापौर श्री यादव,पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, जल व विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्रीमती श्रुति जैन व श्री मनोहर यादव, पार्षद प्रतिनिधि श्री सचिन टुरहाटे व श्री लोकेश जैन के साथ शिविर का निरीक्षण कर पीएम स्व निधि योजनांतर्गत रामनगर निवासी श्रीमती दुर्गा साहू को ब्यूटीपार्लर के लिए बैंक आफ महाराष्ट्र से स्वीकृत द्वितीय किस्त ऋण राशि 25 हजार रूपये का ऋण वितरण पत्र दिए। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तैयार बच्चो के लिए कुपोषण कीट का वितरण किए। आज चिखली शिविर में विभिन्न विभागो से संबंधित मांग के कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए तथा शिकायत संबंधी 12 आवेदन आए, इस प्रकार कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा। 8 मई 2026 शुक्रवार को शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,9 व 10 के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जायेगे। महापौर ने वार्डवासियो से शिविर में उपस्थित होकर अपनी मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन जमा कर शासन की योजना का लाभ लेने अपील की है।

# महापौर स्थल देख कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कर नाली निर्माण के दिये निर्देश



**राजनांदगांव 7 मई।** मूलभुत सुविधा बिजली,पानी, सफाई का हाल जानने महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा वार्डो में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू हो समस्या से अवगत हो रहे है। इसी कडी में महेश नगर क्षेत्र के आर्शीवाद कालोनी, गांधी नगर में नाली पानी निकासी की समस्या पर महापौर श्री यादव आज पार्षद श्री सेवक उईके तथा निगम के तकनीकि अधिकारियो के साथ स्थल निरीक्षण कर पानी निकासी हेतु कच्ची नाली खोदवाकर पानी निकासी कराये।

महेश नगर एंव आर्शीवाद कालोनी में घरो का पानी के निकासी नही होने की स्थिति में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिसकी जानकारी देने पर महापौर श्री यादव स्थल मुआयना कर कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थाई समाधान के लिए महेश नगर एवं आर्शीवाद कालोनी में नाली निर्माण किया जाए और उसे डोगरगांव रोड नाला मे जोड़ा जाए, जिससे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। निर्देश पर जेसीबी के माध्यम से कच्ची नाली खोद भरे पानी की निकासी कराई गयी।

महापौर श्री यादव ने कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे एवं उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे से कहा कि स्थाई समाधान के लिए बारिश के पूर्व महेश नगर एवं आर्शीवाद कालोनी में नाली निर्माण किया जाए, ताकि बरसात में कालोनी में पानी भरने की स्थिति निर्मित न हो, उन्होंने गांधी नगर में पुलिया निर्माण करने भी कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के पूर्व पानी भरान वाले क्षेत्रो में पानी निकासी के लिए आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करे।

# ट्रैफिक चेकिंग के दौरान पुलिस की सजगता से निष्फल अपहरण का घटना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 मई।** गठुला रोड क्षेत्र में ट्रैफिक निरीक्षक श्री नवरत्न कश्यप, आरक्षक कपिल श्रीवास्तव, आरक्षक सुखदेव साहू एवं उनकी टीम द्वारा नियमित वाहन चेकिंग की जा रही थी। वाहन की जांच के दौरान पीछे बैठी एक महिला की स्थिति असामान्य और संदिग्ध प्रतीत हुई। पूछताछ करने पर वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा महिला को मिर्गी का मरीज बताते हुए पुलिस को गुमराह करने का हरसंभव प्रयास किया गया, किन्तु पुलिस टीम की सतर्कता एवं संवेदनशीलता अनुभव के चलते स्थिति को भांप कर तुरंत गंभिरता से पूछताछ किया गया इसी दौरान महिला द्वारा साहस दिखाते हुए पुलिस टीम को सहायता हेतु इशारा किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा तत्काल हस्तक्षेप करते हुए सभी व्यक्तियों को वाहन से नीचे उतरवाकर बारीकी से पूछताछ की गई। जांच में महिला की पहचान पद्मश्री श्रीमती फुलबासन देवी यादव निवासी ग्राम सुकुलदैहान के रूप में हुई, जिन्होंने बताया कि महिला ने यह भी बताया कि आरोपियों द्वारा उन्हें धमकाते हुए मिर्च स्प्रे दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई तथा महिला समूह एवं अन्य कार्यों को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई एवं सजगता के कारण पीडिता को सुरक्षित मुक्त कराया जा सका।

पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कथन अनुसार गवाहों के समक्ष मेमोरेंडम लिया गया। आरोपी खुशबू साहू की निशानदेही पर 01 नग मिर्ची स्प्रे एवं मोबाइल जप्त किया गया तथा आरोपी दिनेश बंजारे के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो क्रमांक छत्त08//2334 एवं 01 मोबाइल जप्त किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। राजनांदगांव पुलिस की यह कार्रवाई धरातल पर सतत सक्रिय, संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने संभावित गंभीर अपराध को समय रहते विफल कर आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को और मजबूत किया है। राजनांदगांव पुलिस ने इस प्रकार से अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरण को अल्प समय में घटित होने से रोक कर मानवता एवं श्रेष्ठ पुलिसिंग की अनोखा एवं अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया जिसका सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना किया गया। उक्त त्वरित कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम का पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव श्री बालाजी राव एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा उचित पुरस्कार देने की घोषणा की गई हैं।

**सैनिकों और पूर्व सैनिकों को स्टाम्प शुल्क में 25% छूटः** रायपुर,7 मई। छत्तीसगढ़ सरकार ने सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के सम्मान और कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने ?25 लाख तक की संपत्ति की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रवीण का घर हो रहा रोशन



■ 3 किलोवाट सोलर सिस्टम से हर माह हजार रूपए की हो रही बचत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 मई।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर नवागांव, वार्ड क्रमांक 1 निवासी श्री प्रवीण कुमार मिश्रा इस योजना का लाभ लेकर न केवल अपने घर का बिजली खर्च शून्य करने में सफल हुए हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरे हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि उनके परिवार में तीन सदस्य हैं। पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल लगभग 900 से 1000 रूपए तक आता था, जो गर्मी के मौसम में और अधिक हो जाता था। उन्होंने 17 जनवरी 2026 को अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। इसके बाद से पिछले तीन महीनों से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई, जबकि शेष 81 हजार रूपए उन्होंने स्वयं निवेश किए। इसके लिए उन्होंने बैंक से ऋण लिया है, जिसे वे आगामी 3 वर्षों में चुका देंगे।

हितग्राही श्री मिश्रा के अनुसार उनका सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 18 से 19 यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जबकि उनके घर की खपत करीब 10 यूनिट है। इस प्रकार प्रतिदिन 8 से 9 यूनिट अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जा रही है, जिससे भविष्य में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने शीघ्र आवेदन किया। आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रही, जिसमें उन्हें केवल एक बार बैंक जाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना पड़ा। शेष प्रक्रिया सहज रूप से पूर्ण हो गई। श्री मिश्रा इस योजना से इतने संतुष्ट हैं कि उन्होंने अपने तीन रिश्तेदारों को भी सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया, जिनके घरों में भी अब सोलर पैनल स्थापित हो रहे हैं। उनका कहना है कि सौर ऊर्जा एक स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ विकल्प है, जिससे न केवल आर्थिक बचत होती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। श्री प्रवीण कुमार मिश्रा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को अत्यंत लाभकारी एवं जनहितकारी बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।


## POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, SECTOR 19, ATAL NAGAR, NAVA RA1PUR

**Notice Invitinig**

**[Hydraulic Cutter Spreader -04 Set ]**

**No PHQ/Sec.- 10/Prove-2, .2201/2026** **Nava Raipur, Dated 04/05/ 2026**

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Tender are being invited from Original equipment manufactures (OEM) or Authorised by manufacturer (Only One) for the following item,

| क्र0 | सामग्री का नाम | संख्या | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | अमानत राशि (EMD) (रूपये में) | प्रि-बीड दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Hydraulic Cutter Spreader | 04 Set | 2,44,42,700/- | 2,44,427/- | 15/05/2026 Time 16-00 PM | 28/05/2026 Time 15-00 PM | 28/05/2026 Time 16-00 PM |

The cost of the tender document State Govt. Chalan of Rs_ 2000/- (Rupees Two thousand only) amount lo be deposited in the Head of A/C-0055-Police-800-other receipt or it shall be in the form of D.D..of State Bank of India/ scheduled Bank( other than cooperative Bank) payable at Raipur in favour of D.G.P. Chhattisgarh Tender Fee is nonrefundable and cannot be exempted in any condition. The tender document may be obtained from the following address:

**Addl. Director General of Police (P&P)**
**Police Headquarters, Chhattisgarh, Atal Nagar Nava Raipur**
**Pin:492002, Phone & Fax 0771-2431210, 2229622**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect must be submitted as per the schedule below.

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| A | Address for submission of tender document | Police headquarters, Sector 19, Atal Nagar Nava Raipur, Chhattisgarh |
| B | Pre-Bid Meeting Date and time | Date 15-05-2026 Time 16-00 Pm (PHQ Block No- I, Meeting Hall) |
| C | Last Date time for receipt of tender | Date 28/05/2026 till 03.00 pm |
| D | Place, Time and Date of opening Technical Bid | Police headquarters Sector 19, Nava Raipur, C,G, Date 28/05)2026 at 4:00 pm |
| E | Place, Time and Date of opening Financial Bid | Shall be intimated later. |
| F | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

Note: I In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day, 2. Tender documents can be downloaded from our website www_cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee 2000/- will be paid in the form of DD on the account of Director General of Police Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur Modification/Amendments/corrigendum, if any shall not be Advertised in the news paper but shall be published in the aforesaid web site only.

**D.I.G of Police (F&O)**
**For-DIrectbr General of Police**
**Police headquarters, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

**G-262700536/5**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् कांकेर, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/203/लो.नि.शा./न.पा.प./2026 कांकेर, दिनांक 07/05/2026

**-:रूचि की अभिव्यक्ति:-**

नगरपालिका परिषद् क्षेत्रांतर्गत जवाहर वार्ड स्थित दढ़िया तालाब में जलकुंभी सफाई कार्य कराया जाना है। योजना के क्रियान्वयन हेतु स्थानीय स्तर पर स्व-सहायता समूह/पंजीकृत संस्थान से जलकुंभी सफाई कार्य हेतु रूची की अभिव्यक्ति के तहत् प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। इच्छुक स्व-सहायता समूह/पंजीकृत संस्थान दिनांक 22/05/2026 को शाम 5.00 बजे तक अपना प्रस्ताव कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् के नाम से जमा कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क की राशि रू. 1000/- (नगद या डीडी के माध्यम से) के माध्यम से जमा करना होगा। आवेदन पत्र के साथ पेनकार्ड, जी.एस.टी., रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् कांकेर**

## Municipal Corporation Raipur

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**2nd Call**

**NIT NO: 13** **RAIPUR DATED: 06.05.2026**

Online bids are invited for the following works up to 22/05/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 190373 | विकास कार्य बैरन बाजार पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड नगर निगम रायपुर (द्वितीय निविदा) | 10.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **06/05/2026, 17.30 Hours.** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE:-**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE 4**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

एक नजर

## कानून व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीर नहीं : ठाकुर



**रायपुर, 7 मई।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा सरकार ने ढाई साल में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं कर पायी। इससे समझ में आता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार कितना गंभीर है, यही कारण है प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर है, पूर्णकालिक डीजीपी नहीं होना सरकार की अनिर्णय की स्थिति को स्पष्ट कर रहा है, सरकार आखिर कौन चला रहा है? सरकार के फैसले दिल्ली से होंगे तो इसलिए ये स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश जैसे संवेदनशील राज्य में स्थायी डीजीपी का न होना प्रशासनिक विफलता और सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति को दर्शाता है। पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, ये सरकार की अनिर्णय स्थिति को दर्शाता है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी जिस पद पर टिकी होती है, वही पद लंबे समय से अस्थायी व्यवस्था के भरोसे चल रहा है। इससे न केवल पुलिस विभाग का मनोबल गिरता है, बल्कि अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक समन्वय पर भी गंभीर असर पड़ता है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक हितों और अंदरूनी खींचतान के चलते योग्य अधिकारी की नियुक्ति नहीं कर पा रही है। यह स्थिति प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है। अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार नेतृत्वहीन पुलिस व्यवस्था के सहारे काम चला रही है।

## मुतवल्ली चुनाव के लिए कुरैशी चुनाव अधिकारी

**रायपुर, 7 मई।** जामा मस्जिद ट्रस्ट हलवाई लाईन रायपुर के मुतवल्ली का कार्यकाल 15 अक्टूबर 2025 को समाप्त होने के कारण नवीन मुतवल्ली चुनाव हेतु बोर्ड बैठक 20 अप्रैल 2026 के निर्णय के पालन में मुतवल्ली चुनाव मार्गदर्शिका-2022 के प्रावधान अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव हेतु युनूस कुरैशी (पूर्व राज्य मंत्री दर्जा, अध्यक्ष, छ.ग. मदरसा बोर्ड) को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है बोर्ड द्वारा 10 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में मुतवल्ली चुनाव की समस्त प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

## मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 23 लाख की ठगी

**रायपुर, 7 मई।** राजधानी में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। राजधानी के एक कारोबारी से मंत्रालय में नौकरी लगाने का झांसा देकर 23 लाख रुपए ऐंठ लिए गए। पति-पत्नी ने खुद को मंत्रालय और बड़े अधिकारियों से जुड़ा बताते हुए पीड़ित को भरोसे में लिया और बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र तथा इम्प्लॉय आईडी भेजकर ठगी को अंजाम दिया। मामले की शिकायत मिलने के बाद डीडी नगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी दंपती की पहचान विश्वनाथ गुप्ता उर्फ विष्णु गुप्ता और उसकी पत्नी चंदा गुप्ता के रूप में हुई है। दोनों पर सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर रकम वसूलने का आरोप है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। आकाश साहू रायपुरा स्थित शिवोम विहार कॉलोनी का रहने वाला है और वाहन खरीदी-बिक्री का कारोबार करता है। आकाश ने पुलिस को बताया कि करीब दो साल पहले उसकी पहचान उसके परिचित जितेंद्र बघेल के माध्यम से विश्वनाथ गुप्ता से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी खुद को प्रभावशाली लोगों और मंत्रालय के अधिकारियों का करीबी बताता था। इसी भरोसे के आधार पर दोनों के बीच संपर्क बढ़ता गया।




# युवा कांग्रेस में अध्यक्ष के लिए चुनाव की तैयारी

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में युवा कांग्रेस एक बार फिर सक्रिय मोड में है। संगठनात्मक चुनावों की आहट के साथ प्रदेशभर में हलचल तेज हो गई है। यह सिर्फपदों की अदला-बदली भर नहीं, बल्कि संगठन की दिशा और भविष्य तय करने वाली प्रक्रिया भी है। तीन साल से अधिक समय से प्रदेश अध्यक्ष रहे आकाश शर्मा के कार्यकाल के बाद अब नेतृत्व परिवर्तन लगभग तय माना जा रहा है। इस पूरी कवायद की शुरुआत सदस्यता अभियान से होगी, जो मई-जून में चलाया जाएगा।



यही सदस्यता आगामी चुनाव की बुनियाद बनेगी। खास बात यह है कि इस बार सदस्यता शुल्क 50 रुपए से बढ़ाकर 75 रुपए कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी भले छोटी लगे, लेकिन इसके पीछे संगठन की गंभीरता और संसाधनों को मजबूत करने की रणनीति साफ झलकती है। युवा कांग्रेस इस बार प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाने पर जोर दे रही है। सदस्यता से लेकर मतदान तक पूरा सिस्टम डिजिटल होगा और चुनाव को ब्लॉक स्तर तक ले जाया जाएगा। यह कदम न सिर्फभागीदारी बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि स्थानीय नेतृत्व को उभारने की भी कोशिश है।

### पहले मतदान और फिर इंटरव्यू

चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में होगी पहले मतदान और फिर इंटरव्यू। अंतिम चयन वरिष्ठ नेतृत्व के हाथ में रहेगा। इस बार उम्र को भी एक अहम पैमाना बनाया गया है, जिसमें खासतौर पर 1989, 1990 और 1991 आयु वर्ग के दावेदारों पर फोकस रहने की चर्चा है। इससे यह संकेत मिलता है कि संगठन अनुभव और युवा ऊर्जा के बीच संतुलन साधने की कोशिश में है। पिछले सदस्यता अभियान में 11 लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी ने संगठन को मजबूती दी थी। इस बार यह आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। यह सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि कांग्रेस के लिए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर भी है।

### दावेदारों की लंबी सूची ने चुनाव होगा दिलचस्प

दूसरी ओर, दावेदारों की लंबी सूची इस चुनाव को और दिलचस्प बना रही है। नए और पुराने चेहरों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। यह प्रतिस्पर्धा जहां संगठन में नई ऊर्जा भर सकती है, वहीं गुटबाजी की चुनौती भी खड़ी कर सकती है। कुल मिलाकर, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का यह चुनाव महज संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक पुनर्संरचना का संकेत है। सदस्यता, डिजिटल चुनाव और नए चेहरों की एंट्री—ये तीनों फैक्टर मिलकर तय करेंगे कि आने वाले समय में संगठन किस दिशा में आगे बढ़ेगा। अगर यह प्रक्रिया पारदर्शिता और संतुलन के साथ पूरी होती है, तो यह कांग्रेस के लिए प्रदेश में नई ताकत बन सकती है।

# घुसपैठियों पर लगेगी लगाम : डिप्टी सीएम

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा पश्चिम बंगाल के दौरे से लौट आए हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए को लेकर उन्होंने कहा कि देश में घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इस दिशा में उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वहीं उन्होंने पद्मश्री फूलबासन यादव के अपहरण और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे की तैयारियों को लेकर होने वाली छ्रूकी समीक्षा बैठक पर भी बयान दिया है।



पश्चिम बंगाल से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए पश्चिम बंगाल के रास्ते देश में प्रवेश करते हैं, लेकिन वहां की सरकार ने केंद्र की एजेंसियों को आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं कराई थी। अब इस दिशा में उचित स्थान और व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे देश में घुसपैठ पर लगाम लग सके। वहीं उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता खुद ममता बनर्जी को सत्ता से हटाना चाहती थी। छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं के साथ देश के अन्य राज्यों के कार्यकर्ताओं ने भी खूब मेहनत की है।

पद्मश्री फूलबासन यादव के अपहरण को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि फूलबासन के पास ही आने जाने वाली एक महिला थी। वो महिला ही उनसे कहती है आपके साथ सेल्फी लेना है एक दिव्यांग है वो गाड़ी में बैठे हैं। उनके साथ वो चली गई थी, फिर महिला ने गाड़ी आगे बढ़ा दी। कारण क्या है इसका जल्द पता चलेगा। पुलिस ने मुस्तैदी से इस पर काम किया है।

वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 19 मई को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले हैं, जिसकी तैयारियों को लेकर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समीक्षा बैठक करेंगे। इसको लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 24-25 जून को बनारस में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर चर्चा हुई, जिसमें केंद्र और राज्यों की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी शामिल थी। इस वर्ष यह अहम बैठक छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारियों को लेकर आज सीएम के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित है।

## गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं होगी, दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई तय : अरुण साव

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज विभिन्न राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या, राज्य की कानून व्यवस्था, छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था और विपक्षी दलों के आंदोलनों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी।

**बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के क्क की हत्या पर सख्त टिप्पणी :** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि चुनाव हारने के बाद तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक कथित रूप से ÷नापाक हरकतों÷ में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई तय है। साव ने दावा किया कि राज्य में कानून का राज स्थापित किया जाएगा।

**उप मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी के इस्तीफे पर कसा तंज :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा इस्तीफा न दिए जाने को लेकर भी उन्होंने टिप्पणी की। साव ने कहा कि विपक्ष का ध्यान संविधान या लोकतांत्रिक मूल्यों पर नहीं, बल्कि केवल अपने हितों पर रहता है। उन्होंने इसे ÷सत्ता लोलुपता का उदाहरण÷ बताया।



### भूपेश बघेल के बयान पर किया पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हालिया बयान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भूपेश बघेल ने बीते बुधवार को कहा था कि वे ÷श्रेय की राजनीति नहीं करते÷ और उन्होंने भाजपा नेताओं को चुनौती दी थी कि अगर हिम्मत है तो वे बंगाल और असम में मिली जीत का श्रेय लेकर दिखाएं। साथ ही उन्होंने ईवीएम और चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए भाजपा की चुनावी जीत को लेकर टिप्पणी की थी।

'ऑपरेशन सिंदूर' के एक वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व और देश की सैन्य शक्ति का परिणाम था। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के जरिए सरहद पर सक्रिय आतंकियों की ताकत को समाप्त किया गया और पहलगाम हमले का जवाब भारतीय सेना ने दिया। उन्होंने सेना की बहादुरी को नमन किया।

**प्रशासनिक सर्जरी को लेकर रखा अपना पक्ष:** छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुई बड़ी प्रशासनिक नियुक्तियों और फेरबदल पर उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर किया गया निर्णय है, जिससे शासन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक कदम बताया। सुशासन तिहार को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनता के प्रति जवाबदेही का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि मंत्री और अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रशासनिक खामियों को दूर करने में मददगार साबित हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने हस्द्ध द्वारा सीएम हाउस घेराव को लेकर उन्होंने कहा कि यह संगठन क्या करता है, यह सबको पता है। उन्होंने उनके आंदोलन को लेकर सवाल उठाते हुए उसकी मंशा पर भी टिप्पणी की। इस बयान पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यदि भूपेश बघेल कांग्रेस की हार से प्रसन्न हैं, तो यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ÷99 चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस लगातार उत्साह में रहती है।

## कांग्रेस शासन का 'इमरजेंसी मॉडल' जनता भूली नहीं है : भाजपा

**रायपुर, 7 मई।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 'छत्तीसगढ़ संवाद' को लेकर दिए गए निराधार बयान पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए इसे उनकी हताशा का प्रतीक बताया है। पाण्डेय ने कहा कि लगातार हार की छटपटाहट में बघेल संवैधानिक संस्थाओं के साथ-साथ अब सरकारी विभागों पर झूठे आरोप मढ़कर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की कोशिश कर रहे हैं। बघेल यह बात अच्छी तरह समझ लें कि कांग्रेस शासन का 'इमरजेंसी मॉडल' जनता भूली नहीं है।

भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद पाण्डेय ने बघेल को उनके कार्यकाल का 'आईना' दिखाते हुए कहा कि बघेल के शासनकाल में छत्तीसगढ़ ने 'अघोषित आपातकाल' देखा है। कांग्रेस की पिछली सरकार में पत्रकारों, एक्टिविस्टों और सोशल मीडिया पर स्वतंत्र राय रखने वाले सामान्य नागरिकों तक पर राजद्रोह के मुकदमे दर्ज किए गए थे। आज बघेल किस मुँह से संवाद और पारदर्शिता की बात कर रहे हैं? पाण्डेय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की जनता जानती है कि पिछले 5 वर्षों में 'छत्तीसगढ़ संवाद' को किस तरह कांग्रेस का टूलकिट बनाकर रखा गया था। करोड़ों रुपए का सरकारी पैसा केवल एक चेहरे की ब्राण्डिंग और दिल्ली के आकाओं को खुश करने में फूँका गया। आज जब सरकारी तंत्र निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है, तो बघेल के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? पाण्डेय ने कहा कि एआई और तकनीक का नाम लेकर बघेल दरअसल अपनी उन विफलताओं को छिपाना चाहते हैं जो जनता के बीच उजागर हो चुकी हैं। कांग्रेस की भूपेश-सरकार ने केवल 'लूट और झूठ' का उत्पादन किया, जबकि भाजपा सरकार पारदर्शिता और विकास के संवाद में विश्वास रखती है।

PICTURE-स्टोरी




**रायपुर, 7 मई। वीरांगना अवंती बाई लोधी चौक, पंडरी में मुख्य मार्ग पर यातायात को व्यवस्थित करने डिवाइडर का एक नया रूप।**

# दिव्यांगों ने परिवार सहित व्यसनमुक्ति का संकल्प लिया

**रायपुर, 7 मई।** भारतीय जैन संघटना महिला शाखा चौबे कॉलोनी द्वारा विनय मित्र मण्डल के सहयोग से 11 जयपुर पैर का वितरण किया गया। जयपुर पैर पहनकर सभी दिव्यांग भाई बहनों ने अपने पैरों पर चलकर ख़ुशी ज़ाहिर करने लगे, और उनकी ख़ुशी देखते बन रही थी, सभी दिव्यांग भाई बहनों ने परिवार सहित माँसाहार त्याग और मदिरा सेवन न करने का संकल्प लिया और सभी को बिस्किट व ठंडा वितरण भी किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संध्या जैन व सचिव कल्पना देशलहरा ने व्यसन मुक्ति हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विनय मित्र मंडल के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर, खेमराज जी बैद, ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। विनय मित्र मण्डल के संस्थापक महेन्द्र कोचर व पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने बताया कि संस्था द्वारा 1986 से संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में 25 हजार से ज़्यादा कृत्रिम पैरों का निर्माण कर वितरण किया गया है। ये जयपुर पैर बहुत उपयोगी साबित हुए हैं। महेन्द्र कोचर ने कहा मानव सेवा ही माधव सेवा है। कार्यक्रम में श्रीमती बसंती गोलछा, संध्या जैन, कल्पना देशलहरा, प्रमोद चोपड़ा, प्रमिला जैन आदि सदस्यों ने अपने भरपूर सहयोग के साथ उपस्थिति दी।



# 9 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**रायपुर, 7 मई।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आम जनता तक पहुचने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान समारोह विशेष लोक अदालत 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आगामी 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत आरंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का निराकरण सम्पन्न होगा।

विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22, 23 अगस्त को किया जाएगा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित मामलों को भी शामिल किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सुलह बैठको का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के मध्यस्थता केन्द्र में किया जाएगा। वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल 2026 से ही प्रारभ हो चुकी है। इस समाधान शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से निष्पादन करना है। अधिवक्ता वादीगणों एवं संबंधित सभी पक्षों से अपील की गई है कि, सक्रिय रूप से भाग ले एवं आपसी सहमति से समाधान की दिशा में प्रयास करें। सुलाह बैठक में पक्षकार शारीरिक एवं अभासी माध्यम से भी सम्मिलित हो सकते है, इस बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थता एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी सहयोग प्रदान करेगें।




बयानबाजी / कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में हो रही नशाखोरी और शराब दुकानों में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर सरकार को लिया आड़े हाथ

# मंत्री ने हकीकत को स्वीकारा, प्रदेश में अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही : कांग्रेस

**रायपुर, 7 मई।** प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री दयालदास बघेल ने भरे मंच से राज्य में अवैध शराब बिक्री की हकीकत को स्वीकार किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, प्रदेश अवैध शराब का गढ़ बन चुका है। प्रदेश के गांव-गांव, गली, कूचे में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। सरकारी अमला इस अवैध शराब बिक्री को खुला संरक्षण देता है। मंत्री दयालदास बघेल स्वयं बता रहे कि किसी आदमी के 1 बोतल शराब मिल जाये तो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर देती है, शराब भट्ठी से पेटी-पेटी शराब लेकर खुलेआम बेची जा रही कार्यवाही नहीं होती है। मंत्री बघेल ने स्वीकार किया कि राज्य में अवैध शराब की बिक्री के लिए पुलिस विभाग और आबकारी विभाग दोनों जिम्मेदार है। कांग्रेस पार्टी इस बात को शुरू से उठाती रही कि राज्य में अवैध शराब की बिक्री हो रही, तब सरकार इस मामले में चुप थी। अब सरकार के मंत्री स्वयं सुशासन तिहार में मंच से अवैध शराब की बिक्री की बात कबूल रहे है।



भाजपा सरकार राज्य की जनता को शराबी बनाने पर तुली है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विपक्ष में रहकर शराबबंदी के लिए कसमें खाने वाली, शराबबंदी की दुहाई देने वाली भाजपा की सरकार ने राज्य में शराब की दुकानों की संख्या दुगुनी कर दिया है। राज्य में लगभग 700 देशी और अंग्रेजी शराब दुकाने थी। भाजपा सरकार ने हर देशी शराब दुकानों में अंग्रेजी तथा अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी बेचना शुरू कर दिया है। मतलब अब देशी और अंग्रेजी शराब दुकानों की संख्या डबल 1400 हो गयी है। अर्थात अब प्रदेश में कुल 1400 शराब दुकाने खोल दी गयी है, इसके अतिरिक्त पिछले साल से 67 नई शराब दुकाने सरकार ने खोला था, इस साल 35 दुकान और खोला गया।

## शराब दुकानों में अहाता के टेंडर निरस्त किए जाएं : कन्हैया

**रायपुर, 7 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए जारी किए गए टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग करते हुए कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाठागांव की दोनों शराब दुकानों के साथ ही पुलिस लाइन चौराहे पर स्थित शराब दुकान और कटोरा तालाब चौराहे की शराब दुकान को बंद किया जाए।

प्रदेश के आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन के कार्यालय को प्रेषित किए गए ज्ञापन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वारा शराब दुकानों में आता चकना केंद्र खोले जाने की प्रक्रिया को सरकार प्रभाव से निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में अहाता / चखना सेंटरों को खोलने का विरोध दर्ज करते हुए वहां उत्पन्न होने वाली अवैधानिक गतिविधियों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पुलिस विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई पर ध्यान आकृष्ट किया गया है। शराब दुकानों से शराब पीकर निकालने वालों को 100 50 मीटर की दूरी पर ही पुलिस पकड़ कर उनका चालान करती है दूसरी तरफ आबकारी विभाग शराब दुकान से शराब खरीदने वालों को शराब पीने के लिए अहाते की सुविधा उपलब्ध कराता है यह अपने आप में दोहरी मानसिकता का परिचायक है। शराब पीकर वाहन चलाना जनजीवन के खतरे के साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन भी है यह बात सरकार अच्छी तरह जानती हो उसके बावजूद शराब पिलाने की व्यवस्था करना सरकार के ही कानून का उल्लंघन करने के लिए प्रेरित करने जैसा कार्य है।



**भाठागांव मुख्य मार्ग, भठागांव बस्ती, पुलिस लाइन और कटोरा तालाब की शराब दुकान बंद करने की मांग**

# कैग का उद्देश्य केवल वित्तीय ऑडिट तक सीमित नहीं

## शहरी गतिशीलता की चुनौतियां और सुधारों पर चर्चा



**रायपुर, 7 मई।** 6 मई को बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में शहरी गतिशीलता की चुनौतियों और सुधारों पर चर्चा हेतु एक महत्वपूर्ण हितधारक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लेखापरीक्षा योजना 2026-27 के अंतर्गत महालेखाकार (लेखापरीक्षा) छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में शहरी यातायात, माल परिवहन और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से जुड़ी जमीनी समस्याओं को समझना तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तावित ऑडिट हेतु विशेषज्ञों और संघों से सुझाव आमंत्रित करना था। बैठक में महालेखाकार कार्यालय से उपस्थित सीनियर डीएजीद मिस प्रियाति कावड़ो ने अपने संबोधन में कहा कि कैग का उद्देश्य केवल वित्तीय ऑडिट तक सीमित नहीं है, बल्कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि शहरी गतिशीलता जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं आम जनता और व्यापारिक जगत के लिए कितनी प्रभावी साबित हो रही हैं। हितधारकों से प्राप्त ये व्यावहारिक सुझाव नीतिगत सुधारों में मील का पत्थर साबित होंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26